हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026



# नई शिक्षा नीति लागू पर पीजी प्रवेश नीति नहीं, अधर में हजारों विद्यार्थियों का भविष्य

## चार साल का यूजी करने वाले छात्र अब पीजी को लेकर संशय में, निर्देश के इंतजार में महाविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू किए जाने के बाद अब स्नातकोत्तर यानी पीजी प्रवेश को लेकर बड़ा भ्रम और असमंजस खड़ा हो गया है। जिले के आटोनॉमस महाविद्यालयों में एमए, एमएससी जैसे पीजी कोर्स में आवेदन करने का अंतिम दिन गुजर चुका है, लेकिन चार वर्ष का स्नातक पूरा करने वाले विद्यार्थियों के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं होने से छात्र-छात्राएं परेशान हैं।

जिले में ऐसे लगभग 450 विद्यार्थी हैं, जिन्होंने स्नातक के तीसरे वर्ष में 75 फीसदी से अधिक अंक हासिल करने के कारण सातवें और आठवें सेमेस्टर की पढ़ाई पूरी की थी। इन्हें उम्मीद थी कि चार वर्षीय यूजी पूरा करने के बाद यूजीसी के नियमों के तहत उन्हें सीधे एक वर्षीय पीजी कोर्स में प्रवेश मिलेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की गाईड लाइन के अनुसार 3 साल का यूजी पूरा करने वाले छात्र को 2 साल का पीजी करना होगा। 4 साल का यूजी पूरा करने वाले छात्र के लिए 1 साल के पीजी का प्रावधान है, लेकिन राज्य में एक वर्षीय पीजी प्रवेश को लेकर अब तक कोई स्पष्ट गाईड लाइन या पोर्टल में विकल्प जारी नहीं किया गया है। वर्तमान में यदि ये छात्र तीन वर्षीय यूजी की तर्ज पर 2 साल वाले पीजी के लिए आवेदन करते हैं, तो चौथे वर्ष की पढ़ाई के कारण वे गैप श्रेणी में आ रहे हैं। इससे उनका चौथा साल बेकार साबित होने का खतरा मंडरा रहा है।

### छात्र नेता ने उठाया मामला

इस गंभीर मुद्दे पर छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष ऋषि शास्त्री ने कहा कि सरकार नई शिक्षा नीति को बड़ी उपलब्धि बता रही है, लेकिन 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर सातवें व आठवें सेमेस्टर की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को अनिश्चितता में छोड़ना उनके भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत हस्तक्षेप कर चार वर्षीय यूजी पास छात्रों के लिए एक वर्षीय पीजी प्रवेश की पारदर्शी व समान नीति घोषित करें।




### शासन से निर्देश का इंतजार

आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एक साल के पीजी कोर्स को लेकर शासन के निर्देश का इंतजार है। निर्देश अनुसार आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

डॉ. सुचित्रा गुप्ता, प्राचार्य, दिग्विजय महाविद्यालय

### यह है पूरा मामला

मिली जानकारी के अनुसार नई शिक्षी नीति के तहत यूजी में छात्रों को तीन के साथ ही चार साल का पाठ्यक्रम का विकल्प दिया गया है। इसमें चौथे साल में उन छात्रों को ही दाखिला दिया जाता है। जिनका पहले तीन साल का अंक 75 फीसदी से अधिक हो। बताया गया कि जिले में करीबन ऐसे साढ़े चार सौ विद्यार्थियों ने चौथे साल की पढ़ाई कर ली। नई शिक्षा नीति के तहत अब इन छात्रों को एक साल का ही पीजी करना है, लेकिन प्रदेश में पूरी तरह से नई शिक्षा नीति लागू नहीं होने से इन छात्रों को चार साल के यूजी के बाद भी दो साल का पीजी करने मजबूर होना पड़ रहा है।

---

## प्रदेश के सभी जिले में जांच!, एनजीओ को लेकर बड़े निर्णय के आसार

# एनजीओ की पड़ताल, फंडिंग कार्यक्षेत्र जैसे विषय पर जांच

नांदगांव सहित एमएमसी और केसीजी जिले में भी हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

अविभाजित राजनांदगांव जिले के अंतर्गत आने वाले तीनों प्रशासनिक क्षेत्रों में गैर सरकारी संगठनों यानी एनजीओ की गतिविधियों और उनकी वित्तीय प्रणाली की विस्तृत छानबीन की जा रही है। पुलिस मुख्यालय से निर्देश मिलने के बाद स्थानीय स्तर पर एक विशेष और अत्यंत गोपनीय टीम का गठन किया गया है, जो एनजीओ के बीते वर्षों के कामकाज और उनके खातों का लेखा-जोखा तैयार कर चुकी है।

इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्षेत्र में सक्रिय स्वयंसेवी संस्थाओं को किस स्त्रोत से धन प्राप्त हो रहा है और उस धन का उपयोग किन गतिविधियों में किया जा रहा है। इन सभी संस्थाओं की ऑडिट रिपोर्ट, पदाधिकारियों का विवरण, बैंक खातों की जानकारी तथा पिछले वर्षों में संचालित गतिविधियों का संपूर्ण रिकॉर्ड जुटाया जा रहा है।

जांच दल मुख्य रूप से यह पड़ताल कर रहा है कि इन संस्थाओं को मिलने वाली सहायता राशि का कोई संबंध अवांछित या राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से तो नहीं है। राजनांदगांव और मोहला-मानपुर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में एनजीओ की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है, इसलिए सुरक्षा एजेंसियों द्वारा बेहद सतर्कता बरती जा रही है। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय देश में विदेशी फंडिंग और एनजीओ संचालन को लेकर नए एवं बेहद कड़े नियम-कानून बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इसी प्रस्तावित नीतिगत बदलाव को ध्यान में रखते पूरे प्रदेश के साथ-साथ इन तीनों जिलों में जमीनी स्तर पर यह व्यापक डेटा संग्रह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी भी संदिग्ध लेन-देन पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जा सके।

**दो माह पूर्व मिले थे निर्देश**

इस व्यापक पड़ताल की शुरूआत लगभग दो महीने पहले हुई थी, जब पुलिस मुख्यालय स्तर से जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों को गोपनीय दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। निर्देश मिलते ही पुलिस ने आंतरिक स्तर पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया, जिसे बिना किसी सार्वजनिक शोर-शराबे के गुप्त तरीके से जानकारी जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस विशेष दल ने राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग और स्थानीय बैंकों के समन्वय से एनजीओ से जुड़े अभिलेख एकत्र करना शुरू किया। गुप्त रूप से की गई इस छानबीन में संस्थाओं के कार्यालय पते, पदाधिकारियों के राजनीतिक या सामाजिक जुड़ाव और उनकी वार्षिक रिपोर्ट की सूक्ष्म जांच की गई है, ताकि पूरी तरह निष्पक्ष और सटीक डेटा तैयार किया जा सके।

**खास बातें**

- प्रदेश स्तर से निर्देश मिलने के बाद जिलों में हुई जांच- पड़ताल
- एनजीओ से जुड़ी गतिविधियों के बारे में ली डिटेल




### नांदगांव में 274 संगठन, केसीजी में 16

आधिकारिक पोर्टल के अनुसार राजनांदगांव जिले में कुल 274 पंजीकृत स्वयंसेवी संस्थाएं कार्यरत हैं। वहीं नवगठित खैरागढ़ जिले में इनकी संख्या 16 है और मोहला-मानपुर जैसे जनजातीय बहुल क्षेत्र में 5 संस्थाएं पंजीकृत हैं। ये संगठन मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, आजीविका संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों में कार्य करने का दावा करते हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रपत्र के अनुसार इन सभी संस्थाओं से जुड़े 22 अलग-अलग बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की गई।

### विदेशी फंडिंग को लेकर बदलेगा नियम!

जानकारों और विशेषज्ञों का मानना है कि देश के भीतर विदेशी अंशदान अधिनियम के तहत काम करने वाले संगठनों के नियमों में बड़े पैमाने पर संशोधन की तैयारी चल रही है। विदेशों से आने वाले धन का इस्तेमाल विकास कार्यों की आड़ में किसी गलत गतिविधि में न हो, इसके लिए केंद्र सरकार नए कानून लाने की योजना बना रही है। छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती और वनांचल जिलों में इस तरह की फंडिंग पर नजर रखना सुरक्षा की दृष्टि से बेहद आवश्यक माना गया है। पुलिस द्वारा की जा रही यह पूर्व तैयारी भविष्य में लागू होने वाले नए केंद्रीय कानूनों और नियमों के क्रियान्वयन में बेहद सहायक सिद्ध होगी। इसी के चलते एनजीओ की जांच करना बताया जा रहा है।

---

# नीट पेपर लीक पर फूटा युवाओं का गुस्सा, वनांचल में विशाल प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और पीएम से जिम्मेदारी लेने की मांग, जिला मुख्यालय में विशाल प्रदर्शन

नीट पेपर लीक मामले को लेकर जिला मुख्यालय मोहला में शुक्रवार को युवाओं के आक्रोश का केंद्र बन गया। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के पलटन ग्रुप के बैनर तले हजारों युवाओं ने विशाल धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री के तत्काल इस्तीफे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नैतिक जिम्मेदारी लेने तथा देशभर में पेपर लीक पर सख्त और स्थायी रोक लगाने की मांग उठाई।

मोहला बस स्टैंड में आयोजित सभा के दौरान युवाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि बार-बार होने वाले पेपर लीक ने लाखों मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। सभा के बाद हजारों युवाओं का हुजूम विशाल रैली के रूप में शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचा, जहां कलेक्टर, एसपी ऑफिस के सामने घेराव करते प्रशासन को राज्यपाल एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदर्शन के दौरान युवाओं में जबर्दस्त उत्साह और आक्रोश देखने को मिला। वक्ताओं ने कहा कि यदि भविष्य में भी प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता से समझौता हुआ तो इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान जिला मुख्यालय में विरोध के स्वर गूंजते रहे और हजारों की भीड़ ने यह संदेश दिया कि देश का युवा अब अपने भविष्य से जुड़े मुद्दों पर चुप बैठने वाला नहीं है।




### प्रशासन ने झोंकी थी ताकत

शिक्षा नीति को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली जंतर-मंतर से लेकर देशभर में चल रहे छात्र आंदोलन की चिंगारी मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में भी सुलग गई। छात्र-छात्राओं व युवाओं के इस आंदोलन को निप्रभावी करने प्रशासनिक दबाव बनाने डीईओ कार्यालय द्वारा जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया था कि स्कूली छात्र-छात्राएं किसी भी सूरत पर इस आंदोलन में शामिल नहीं होने चाहिए, बावजूद जिलेभर के छात्र-छात्राएं व युवा प्राथमिक स्तर के मासूम बच्चों ने सरकार के खिलाफ अनुसूचित जनजाति जिले में लामबंद हुए।

### जिलेभर से मुख्यालय पहुंचे युवा

धरना-प्रदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों औंधी, खड़गांव, सीतागांव, चिल्हाटी, भोजटोला, गोटाटोला, अंबागढ़ चौकी और विचारपुर सहित अनेक गांव से बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। पालक भी इस आंदोलन में उपस्थित रही। प्रदर्शन को विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं से जुड़े लोगों ने भी बिना किसी शर्त अपना समर्थन दिया। जिससे आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन मिला।

---

**खबर संक्षेप**

### सिस्टम सक्रिय..दो दिन बारिश को लेकर अलर्ट

**राजनांदगांव।** बंगाल की खाड़ी में बने लो-प्रेशर का असर अभी भी बना हुआ है। यही कारण है कि अंचल सहित प्रदेश के मध्य इलाकों में अलगे दो दिन और बेहतर बारिश की संभावना जताई गई है। हालांकि शुक्रवार को जिले में बारिश थमी रही। इधर मानसून के फिर से सक्रिय होने और पिछले एक सप्ताह के दरमियान बेहतर बारिश के चलते किसानों को भी काफी राहत मिली है। पिछले कुछ दिनों में ही अंचल में चार इंच से अधिक बारिश देखने को मिली है। हालांकि अब भी मानसून सीजन में बारिश का आंकड़ा सामान्य से लगभग 8 फीसदी तक पीछे चल रहा है। आने वाले दिनों में इसमें सुधार होने की संभावना जताई गई है। एक जून से लेकर अब तक राजनांदगांव जिले में अब तक 385 मिमी, केसीजी जिले में अब तक 302 मिमी और एमएमसी जिले में अब तक 306 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# गिरोह बनाकर महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में आधा दर्जन बाइक की चोरी, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



वाहन चोरी के मामले में जांच पड़ताल कर रही पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की बाइक भी बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी सुभम यादव निवासी पेंड्री ने 8 जुलाई को अपनी हीरो स्प्लेंडर शेरे पंजाब ढाबा के पास खड़ी करने के बाद चोरी हो जाने की रिपोर्ट थाना लालबाग में दर्ज कराई गई थी। प्रकरण में धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान साइबर सेल द्वारा प्राप्त सीसीटीवी फुटेज व मुखबीर से सूचना प्राप्त होने पर संयुक्त पुलिस टीम ने पेंड्री हाईवे स्थित देवांगन ढाबा के पास संदिग्ध व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने बाइक चोरी करना व अपने कब्जे में होना स्वीकार किया तथा पूछताछ के दौरान कुल 6 चोरी की बाइक के संबंध में जानकारी दी। जिसमें से 4 बाइक रायपुर के अलग-अलग स्थानों से तथा 1 बाइक आमगांव जिला गोंदिया महाराष्ट्र राज्य से चोरी करना बताए।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपियों के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 6 बाइक बरामद की गई। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी चोरी की बाइक की पहचान छिपाने के उद्देश्य से वाहनों के मूल नंबर प्लेट हटाकर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उनका उपयोग कर रहे थे। एक आरोपी द्वारा चोरी का वाहन होने की जानकारी होने के बावजूद अपने पास रखना भी पाया गया। जिसके आधार पर प्रकरण में अतिरिक्त धाराएं 336(3), 238, 317(2), 3(5) बीएनएस जोड़ी गई। गिरफ्तार आरोपी पंकज मंडिया 19 वर्ष, प्रतीक गयगये 23 वर्ष जिला गोंदिया महाराष्ट्र एवं कमलेश नखाते 26 वर्ष जिला बालाघाट मप्र को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड प्राप्त किया गया है।

# नेशनल हाईवे में नगर निगम के पानी टैंकर से टकराई शिक्षिका की दो पहिया वाहन, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा देखने को मिला है। जिसमें नगर निगम के पानी टैंकर की चपेट में आने से 35 वर्षीय शिक्षिका की दर्दनाक मौत हो गई। मृतिका शिक्षका को हादसे के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतिका की पहचान बीएनसी मिल कॉलोनी निवासी आभा सिंह के रूप में हुई है, जो डोंगरगांव क्षेत्र के एक शासकीय विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिक्षिका आभा सिंह प्रतिदिन की तरह डोंगरगांव स्थित अपने सरकारी स्कूल से ड्यूटी पूरी कर वापस लौटी थी। उन्होंने अपना दोपहिया वाहन महामाया चौक के समीप पार्क किया था। शाम करीब पांच बजे वे महामाया चौक से अपना वाहन लेकर किसी अस्पताल की ओर जा रही थी। जैसे ही वे पुलिस लाइन के सामने पहुंची, तभी सामने से जा रहे नगर निगम के पानी टैंकर के पीछे उनकी दो पहिया वाहन जा टकराई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि शिक्षिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

### डॉक्टरों ने घोषित किया मृत

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल शिक्षिका को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की जानकारी बाद पुलिस टीम अस्पताल और दुर्घटनास्थल पर पहुंची। बसंतपुर पुलिस द्वारा मामले को लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस लाइन जैसी मुख्य सड़क पर हुए इस हादसे से बीएनसी मिल कॉलोनी और डोंगरगांव शासकीय स्कूल परिसर में गहरा शोक व्याप्त है।

### सब्जी बेचने वाले युवक की मौत

इधर गुरुवार को भी एक दर्दनाक सड़क हादसा देखने को मिला। जिसमें सब्जी बेचने वाला व्यापारी अपनी खरीदी करने के लिए आए 40 वर्षीय दयाराम पटेल की मौत हो गई। बताया गया कि मृतक दयाराम पटेल अपनी मोटर साइकिल से सब्जी खरीदने जा रहा था। इसी दौरान नंदई चौक के पास विपरीत दिशा से आ रही माजदा वाहन से टकरा गया। हादसे में दयाराम गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई।

**माए एंगल**




# शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शादी का प्रलोभन देकर युवती से कुकर्म करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 जुलाई को पीड़िता द्वारा थाना बागनदी में एक लिखित शिकायत आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी खुमेन्द्र कुमार श्याम उर्फ कुणाल श्याम 21 वर्ष निवासी सड़क चिरचारी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक शोषण किया गया। जिससे वह 8 माह की गर्भवती हो गई। इसके बाद शादी करने से इंकार कर दिया। रिपोर्ट पर थाना बागनदी में धारा 69 बी ए न ए स अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस टीम बनाकर तत्काल आरोपी की पतासाजी की गई। अपराध कायमी के महज 3 घंटे के अंदर प्रकरण के आरोपी खुमेन्द्र कुमार श्याम उर्फ कुणाल श्याम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म कबूल करने से गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## भक्ति में सराबोर रहे श्रद्धालु, मंदिर लौटने पर की गई महाआरती

# रथयात्रा के बाद मंदिर लौटे भगवान जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के समापन अवसर पर गुरुवार को प्रभात नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। भगवान जगन्नाथ अपने रथ में सवार होकर नगर भ्रमण के पश्चात पुनः प्रभात नगर स्थित मंदिर लौटे। इस दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ प्रभु का स्वागत किया।

रथयात्रा के दौरान बाजे-गाजे, भजन-कीर्तन और धार्मिक उल्लास के बीच भगवान का रथ शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सर्विस लेन होकर पुनः प्रभात नगर जगन्नाथ मंदिर पहुंचा। इस दौरान श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ रथ खींचते हुए प्रभु के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करते रहे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी तथा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भक्ति और आस्था से सराबोर माहौल ने पूरे क्षेत्र को धार्मिक रंग में रंग दिया।



उल्लेखनीय है कि 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ प्रभात नगर स्थित मंदिर से रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले थे, जिन्होंने समाज के भवन में विश्राम किया। इस दौरान उनका नियमित रूप से सेवा की गई। परंपरा के अनुसार निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद गुरुवार को भगवान पुनः अपने मंदिर लौटे, जहां विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती का आयोजन किया गया।

### 26 को भी आयोजन

इधर गांधी चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में भी रथयात्रा का उत्साह जारी है। 16 जुलाई को बाजे-गाजे के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व देवी सुभद्रा रथ में सवार होकर जगन्नाथ मंदिर गांधी चौक के पास से शहर भ्रमण पर निकले एवं जूनीहटरी स्थित राम जानकी मंदिर में इस दौरान विश्राम किए। यहां नियमित रूप से उनकी सेवा की गई। भजन-कीर्तन का वातावरण रहा। यहां भगवान जगन्नाथ 26 जुलाई को नगर भ्रमण के उपरांत पुनः अपने मंदिर गांधी चौक लौटेंगे। इस अवसर पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंदिर समिति द्वारा वापसी यात्रा एवं विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## खबर संक्षेप

### कनिष्ठ अभियंता मेश्राम ने संभाला कार्यभार

**सोमनी।** स्थानीय विद्युत वितरण केंद्र में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता धर्मशील खोब्रागढे का स्थानांतरण बोड़ला ब्लॉक में हो गया है। उनके स्थान पर दुर्गेश कुमार मेश्राम ने कनिष्ठ अभियंता के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। कनिष्ठ अभियंता दुर्गेश कुमार मेश्राम के कार्यभार संभालने के बाद विद्युत व्यवस्था में सुधार देखने मिल रहा है। शिकायतों के त्वरित निराकरण, उपभोक्ताओं से बेहतर संवाद तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के कारण लोगों में संतोष का माहौल है।

### बछिया पर जानलेवा हमला

**खड़गांव।** सोमवार को एक दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय घटना सामने आई।



किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक बछिया पर टंगिया से हमला कर दिया गया, जिससे उसका पेट फट गया और अंदरूनी अंग बाहर निकल आए। घटना की सूचना मिलते ही भाजयुवामो महामंत्री बिट्टू मयंक गुप्ता तत्काल मौके पर पहुंचे, बछिया की हालत देखकर पशु चिकित्सक को सूचना देकर उपचार की व्यवस्था कराई। ग्राम के आदेश साहू, वरुण सोनी, अनुराग मिश्रा, प्रकाश पड्डा ने मौके पर पहुंचकर डॉ. उत्तम गुंजन को उपचार करने में सहयोग दिया। युवा मोर्चा महामंत्री बिट्टू मयंक गुप्ता ने इस अमानवीय कृत्य की जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### डिकाश का नवोदय में चयन

**कल्लूबंजारी।** स्थानीय प्राथमिक शाला के छात्र डिकाश कोमरे का



नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। डिकाश ने पांचवी में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उसका नवोदय विद्यालय के अलावा एकलव्य विद्यालय के लिए चयन हुआ है। उनके चयन की खबर से गांव में खुशी लहर है। सरपंच चित्रा कोर्राम, राजकुमार पटेल, भवन ठाकुर, रामेश्वरी मंडावी, रमनसिंह कंवर, उमेन्द मंडावी, जाकेश साहू, दिनेश कुरेटी, टीआर बढ़ई, एसआर कार्ते, अखिलेश्वर ठाकुर, सुषमा नेताम, गीता कन्नौजे, सीएल भुआर्य, जेएन नेताम एवं सीके उइके ने बधाई दी है।

### जलभराव से परेशान ग्रामीण



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मोहारा के वार्ड 8 में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में गली तालाब में बदल जाती है। बारिश के पानी के जमा रहने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या दो वर्षों से बनी हुई है। बारिश के दौरान गली में पानी भर जाता है, जिससे पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। जलभराव के कारण कीचड़, दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए सुशासन तिहार के दौरान आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई।

### कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन



**डोंगरगढ़।** गुप्त नवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक चले धार्मिक अनुष्ठानों के समापन अवसर पर पूजा-अर्चना, हवन, कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाया। इस दौरान मां बम्लेश्वरी की आराधना की गई। कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उनका सम्मान किया गया।

### चुनाव में चिन्नी पैनल की जीत



**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे इंस्टीट्यूट के चुनाव में एस. वेंकट स्वामी 'चिन्नी' के नेतृत्व वाले पूरे पैनल ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। चुनाव परिणाम आने के बाद विजयी पैनल के समर्थकों और सदस्यों में उत्साह देखने मिला। चुनाव में एस. वेंकट स्वामी ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर अपनी लोकप्रियता पर एक बार फिर मुहर लगा दी। वहीं उनके नेतृत्व में पूरे पैनल की जीत को संगठन में एकता, पारदर्शिता, सेवा और विकास की सोच की जीत माना जा रहा है। विजेताओं ने सभी मतदाताओं और रेलवे इंस्टीट्यूट के सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। चुनाव परिणाम के बाद रेलवे इंस्टीट्यूट परिसर में समर्थकों ने विजयी पैनल का फूल-मालाओं से स्वागत किया और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी का इजहार किया।

### कारगिल विजय समारोह 26 को

**डोंगरगढ़।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला राजनांदगांव इकाई ने 27 वें कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन 26 जुलाई को किया है। आयोजकों ने नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर वीर सैनिकों के बलिदान को नमन करने की अपील की है। समारोह के दौरान देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होंगी। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव शामिल होंगे। अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे करेंगे। समारोह में एसडीएम विश्वास कुमार, थाना प्रभारी भूपेश चंद्राकर, उप पुलिस अधीक्षक केशरी नंदन नायक, मंडल अध्यक्ष जगमोहन बंजारे, राकेश अग्रवाल, नवाज खान, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, नेहरू कालेज के प्राचार्य प्रदीप जाम्बुलकर, बृजमोहनलाल नंदेश्वर आदि

### निधन



#### ओमप्रकाश साहू

**खुज्जी।** कलडबरी निवासी ओमप्रकाश साहू का निधन 23 जुलाई को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीण एवं परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। अंतिम संस्कार के बाद शमशान घाट में उन्हें दो मिनट मौन रहकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

## कांग्रेस ने निकाला मशाल रैली, किया पुतला दहन

# पेपर लीक के विरोध में कांग्रेसजनों ने शहर में किया आक्रामक प्रदर्शन

### केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पेपर लीक, जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बर्बर पुलिस कार्रवाई तथा विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में विशाल मशाल रैली निकाली गई।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुघ्न मन्नू चंदेल के नेतृत्व में शाम पाँच बजे विश्राम गृह से निकली विरोध रैली बस स्टैंड, गंगई मंदिर मार्ग से होते हुए मुख्य चौक पर पहुँची। हाथों में मशालें और जुबान पर सरकार विरोधी बगावती नारे लगाते हुए कांग्रेसी सड़क पर आए। मुख्य चौक पर प्रदर्शन उग्र हो गया। एक घंटे से अधिक समय तक चले इस आंदोलन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। कांग्रेसियों ने तीखे तेवर दिखाते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया।

#### मांगा शिक्षा मंत्री से इस्तीफा

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि नीट और एनटीए परीक्षाओं में बार-बार हो रही धांधली अक्षम्य है। इस पूरी व्यवस्था की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने आंदोलनरत छात्रों तथा विपक्षी नेताओं के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग की।



#### पुलिस कार्रवाई गलत

युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जंतर-मंतर पर छात्र अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, जिन पर दिल्ली पुलिस ने बर्बरता दिखाई है।

#### छलका युवाओं व छात्रों का दर्द

प्रदर्शन के दौरान तिरंगा चौक पर कॉलेज के छात्र प्रानसु साहू, लिकेश्वर जंघेल और कटंगी के लल्ला रजक ने अपनी बदहाल जिंदगी और सिस्टम के खोखलेपन का दर्द बयां किया। छात्रों ने खुलासा किया कि भिलाई की एक होनहार छात्रा को नीट में सफल होने की पूरी उम्मीद थी, लेकिन पेपर लीक होने के बाद वह डिप्रेशन में चली गई है। छात्रों ने रोष जताते हुए कहा कि सेकंड ईयर रिजल्ट ब्लैंक आ रहा है। किसी को एक भी अंक नहीं मिला है। शिक्षा नीति में तत्काल सुधार की मांग करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों को चार हजार स्कॉलरशिप देती है, तो दूसरी तरफ हर छह महीने में चौदह सौ रुपये परीक्षा फीस वसूलकर आर्थिक शोषण कर रही है।

#### कांग्रेस नेताओं की रही मौजूदगी

मशाल रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व जोश देखने मिला। गांव गांव के कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उनका कहना था कि बच्चे ही देश का भविष्य है। उनके साथ अन्याय होता है तो हर व्यक्ति को सामने आकर समर्थन करना चाहिए। इस अवसर पर विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर खुशरो, ब्लॉक इंका अध्यक्ष शत्रुघ्न मन्नू चंदेल, चेतन देवांगन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती मोहोबिया, लाल रोहित सिंह पुलत्स्य, रणजीत सिंह चंदेल, रमेश साहू, गुलशन तिवारी, दिलीप, रिखीराम पटेल, देवराज किशोर दास, हेमलता ठाकुर, प्रेमलाल साहू, अमित टंडन, शीलेन्द्र जायसवाल, टीकम साहु, बेंगलाल वर्मा, दिलेश साहू, ताराचंद बंजारे, ओम साहू, देवलाल पुलस्य, शिव कुर्रे, कमलेश यादव, इसराइल खान, मैनु सोलंकी, कन्हैया कुर्रे, फिरोज मेमन, राजेश पाल, महंगू कोसरिया, दिलीप नागवंशी, दिनेश रजक, तिलक वर्मा, मिथलेश साहू, निरंजन धनकर, शैलेन्द्र दुबे, संतोष सोनी, दिनेश साहू, हिस्सादार छेदईया, डोंगेन्द्र साहू, दशरथ यद्रु, शेखर साहु, शाद मेमन, मिनेश साहु, अशरफ सिद्दीकी, रमहाऊ साहु, आशीष देवांगन, अनिल वर्मा, रामाधार जंघेल, कोमल देवांगन, गोवर्धन साहू, रामसेन साहू, संतोष कुर्रे, परमेश्वर पाल, संजू नेताम, अमलेश्वर पाल, ईश्वर दास, कीर्तन चतुर्वेदी, भोज वर्मा, मोहित वर्मा, प्रभुराम साहू, अशोक यादव, दीनूदास टंडन, हरकरम पटेल, रमेश यादव, झंगलु साहू, रामेश्वर पटेल, डोमन साहू, तोपसिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से तीन मवेशियों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

छुईखदान- गंडई मार्ग पर मवेशियों का जमघट दिन ब दिन बढ़ते जा रहा है जिससे सड़क दुर्घटना में गौवंशो की मौत के मामले लगातार सामने आ रहे है। खरीफ फसल बोआई के साथ मवेशियों का खेत की ओर जाने पर चौकसी रखा जा रहा है। वहीं सड़क पर बेवारस मवेशी का जमघट दिन रात बना हुआ है। सड़क अतरिया में बीते डेढ़ माह में दर्जन भर से अधिक गौवंश की मौत हो चुकी है। गुरूवार की रात भी मुख्य चौक के समीप अज्ञात वाहन ने आधा दर्जन मवेशियों को बेरहमी से ठोकर मार दिया। जिससे तीन मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गया। दो मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गए है। सुबह कई घंटों तक गौवंश का शव बीच सड़क पड़ा रहा जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। सरपंच सोनम लोमश वैष्णव ने बताया गांव में मुनादी कर पशु पालकों को अपने मवेशियों को रात में घर पर रखने अपील किया गया है फिर भी कुछ पशु पालक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

- डेढ़ माह में कई मवेशियों ने गंवाई जान

#### खुले घूम रहे मवेशी

फसल बोआई शुरू होने के बाद से पशु पालक पशुओं को घर पर रख रहे हैं पर कुछ पशु पालक अब भी मवेशियों को खुला छोड़ रहे है जिससे सड़कों पर मवेशियों का जमघट लगा रहता है। अतरिया, कुकुरमुड़ा चौक, नर्मदा, चकनार, खैरा नवापारा आदि जगह पर मवेशियों का जमघट रहता है जो दुर्घटना का कारण बने रहे हैं।

## रेस्ट हाउस में सरकार के खिलाफ लगे नारे, बना सियासी गतिविधियों का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लोक निर्माण विभाग के नियंत्रण वाला विश्राम गृह राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। नियमों के मुताबिक किसी भी गेस्ट हाउस का उपयोग राजनीतिक गतिविधि के लिए नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद यहाँ आए दिन राजनीतिक बैठक होते रहती है वहीं गुरुवार को एक राजनीतिक दल ने केंद्र सरकार के खिलाफ अपने प्रदर्शन का आगाज विश्राम गृह परिसर से किया। यहां न केवल कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी, बल्कि सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी भी हुई। नियमों का उल्लंघन करते हुए परिसर के भीतर राजनीतिक दल के झंडे थामे लोग भी नजर आए।




#### लगातार हो रहा दुरुपयोग

जानकारी के अनुसार गेस्ट हाउस परिसर में राजनीतिक दल का चिन्ह, झंडा, गाड़ी या कोई भी प्रचार सामग्री लाना सख्त मना है परिसर के भीतर केवल 3 गाड़ियां लाने की अनुमति होती है, और कार्यकर्ताओं की भीड़ या नारेबाजी पूरी तरह प्रतिबंधित है किंतु यहां नियमों की धज्जियां उठाते हुए रेस्ट हाउस का राजनीतिक गतिविधियों के लिए उपयोग लगातार किया रहा है।

#### सटोरियों का जमघट

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि विश्राम गृह परिसर में आए दिन अनाधिकृत लोगों का जमघट लगा रहता है। अहाता के पास लोग ताशपत्ती खेलते नजर आते है। कहा तो यह भी जा रहा कि परिसर में गांजा का भी सेवन किया जाता है। विश्राम गृह का जिस तरीके से दुरुपयोग हो रहा है उससे केयरटेकर और स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं।

## गुरू भगिनी की जन्मभूमि पर साध्वियों का मंगल प्रवेश कल



**डोंगरगांव।** दिगंबर जैन संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की सुयोग्य शिष्या आर्यिका सारमति माताजी की जन्मभूमि पर आगामी 26 जुलाई को एक ऐतिहासिक और भक्तिमय नजारा देखने को मिलेगा। आचार्यश्री से ही दीक्षित पांच साध्वियों का इस धरा पर मंगल आगमन होने जा रहा है।

अपनी ही गुरु-भगिनी आर्यिका सारमति माता की जन्मभूमि पर पांच साध्वी आर्यिका तपोमति माता, आर्यिका नम्रमति, आर्यिका विनम्रमति, आर्यिका अतुलमति और आर्यिका अनुरागमति के आगमन को लेकर जैन समाज में अभूतपूर्व उत्साह है। इस मंगल प्रवेश को ऐतिहासिक बनाने के लिए समाज के युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ जनों द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही हैं।

#### धूमधाम से होगी अगवानी

आगामी 26 जुलाई को साध्वियों के नगर आगमन पर गाजे-बाजे, मंगलाचरण और पाद-प्रक्षालन के साथ भव्य अगवानी की जाएगी। श्रद्धालु अपने घरों के सामने रंगोली सजाकर और आरती उतारकर साध्वियों का आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद एक भव्य मंगल जुलूस निकाला जाएगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ जैन मंदिर पहुंचेगा। स्थानीय जैन समाज के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं से इस पुण्यमयी प्रसंग में सम्मिलित होने की अपील की है।

## विधायक बघेल ने लिया हास्पिटल का जायजा



- मरीजों से मुलाकात, समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर हालचाल जाना तथा चिकित्सा सुविधा, दवाइयों की उपलब्धता, सफाई आदि की जानकारी ली। विधायक श्रीमती बघेल ने अस्पताल प्रबंधन को मरीजों का बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कुमार विश्वास, बीएमओ डॉ. सुचिता श्रीवास्तव, संध्या देशपांडे सहित अन्य उपस्थित थे।

#### सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा

इस दौरान जीवनदीप समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं, उपलब्ध संसाधनों, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने स्वास्थ्य केंद्र के समग्र विकास एवं सुविधाओं के विस्तार को लेकर अपने सुझाव दिए।



### यातायात नगर के शेष भूखंडों का प्रीमियम करें निर्धारण

# महापौर यादव ने यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण

## समय सीमा में काम पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में चल रहे विकास कार्य निरीक्षण की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव, नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह तथा निगम के तकनीकी व राजस्व अधिकारियों के साथ यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लागर गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने यातायात नगर के शेष भूखंडों का प्रीमियम निर्धारण करने कहा।

महापौर श्री यादव उद्यान निर्माण कार्य देख कहा कि उद्यान में सभी आवश्यक सुविधाओं का समावेश हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यातायात नगर पुराना होने के साथ-साथ जर्जर स्थिति में आ गया है। जिसके जीर्णोद्धार के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। शासन ने बजट प्रावधान किया और नगरीय प्रशासन विभाग की स्वीकृति अनुसार यातायात नगर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। जिसके तहत रोड, नाली, पार्किंग स्थल मरम्मत कर डामरीकरण किया जाएगा तथा स्ट्रीट लाईट मरम्मत कर हॉईमास्क लाइट लगाई जाएगी। सामुदायिक भवन, शौचालय की सुविधा के अलावा पानी की समुचित व्यवस्था की जाएगी।



### यातायात नगर को किया जाएगा विकसित

महापौर ने कहा कि प्रवेश द्वार के आगमन एवं निर्गमन में गार्ड रूम का निर्माण कराना है, जल भराव स्थल का भरान कर पेवर ब्लाक लगाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकनों के पास सीमेंटीकरण कर डिवाईडर एवं रोड साईड रंगाई-पोताई करना है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप यातायात नगर को दुरूस्त कर विकसित करना है। महापौर ने रोड मरम्मत कार्य जल्द प्रारंभ कर निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने कहा। उन्होंने व्यावासायिक परिसर निर्माण, धर्मकाटा, कोल्ड स्टोरेज, पेट्रोल पंप आदि निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण कर उक्त निर्माण कार्य के लिए ले-आउट करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार से भी काम में तेजी लाने तथा समय-सीमा में कार्य पूर्णता के लिए हर संभव प्रयास करने कहा।

### गुणवत्ता का रखें ध्यान

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य में सभी कार्य चरणबद्ध रूप से किया जाए। निर्माण में गति लाकर गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग कर प्रतिमाह समीक्षा करें और उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें। महापौर ने कहा कि यातायात नगर के आबंटित भूखंडों के आबंटितियों को शेष प्रीमियम राशि जमा करने तथा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों के आबंटितियों को अनुबंध करा किराया जमा करने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दीपक खाण्डे, यूके रामटेके, सुषमा साहू, गरिमा वर्मा, मोबिन अली, हितेश ठाकुर सहित ट्रांसपोर्टर उपस्थित थे।

# वनांचल में बसे गांव मलैदा में आवास हितग्राहियों को विक्रांत ने सौंपी चाबी

### गरीब परिवारों के लिए पीएम आवास महत्वपूर्ण योजना



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वनांचल क्षेत्र के ग्राम मलैदा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को पक्के मकानों की चाबी सौपंकर उन्हें नए घर की शुभकामना दीं। पारंपरिक तरीके से आत्मीय स्वागत बाद विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से उन्हें अपने पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में इस योजना की गति थम गई थी, जिसके कारण कई सालो तक आवास निर्माण कार्य प्रभावित रहा। उन्होंने कहा कि जनता के जनादेश से भाजपा सरकार बनने के बाद मोदी की गारंटी के तहत 18 लाख लंबित ग्रामीण आवासों को स्वीकृति दी गई जिससे अब गरीब परिवारों को तेजी से आवास मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है और यही कारण है कि सरकार किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रही है व अंतर की राशि भी एकमुश्त किसानों को दी जा रही है। पक्के मकानों की चाबी मिलने पर हितग्राहियों ने खुशी जताते हुए छग शासन व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।

### पर्यावरण सरंक्षण सबकी जिम्मेदारी

एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत छायादार व फलदार प्रजाति के पौधो का रोपण करते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी भी हम सभी को उठानी चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके पेड़ बनते तक सतत संरक्षण व संवर्धन का प्रयास कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे भागीदारी निभाने की अपील की। इस दौरान प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, टीके चंदेल, दिनेश वर्मा, गोरेलाल वर्मा, टोमेश साहू, संजय यद्‌धु, कमलेश भदौरिया, नरोत्तम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# छात्रा की मौत पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष का सरकार पर हमला

■ शिक्षा व्यवस्था पर उठाया सवाल



**खैरागढ़।** जगदलपुर में नीट परीक्षा से जुड़े मानसिक तनाव के बीच एक छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने की दुखद घटना पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने केंद्र सरकार की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाया हैं।

इस घटना को बेहद पीड़ादायक बताते हुए उन्होने कहा कि यह केवल एक छात्रा की मौत नहीं बल्कि देश की मौजूदा शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा व्यवस्था की चुनौतियों का संकेत है। केंद्र सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को ऐसी प्रतिस्पर्धा की दौड़ में धकेल दिया है जहां लाखों मेहनती छात्र-छात्राएं सालो तक तैयारी करने के बावजूद तनाव निराशा और हताशा का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल परीक्षाएं आयोजित कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेती है जबकि छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, काउंसलिंग और परीक्षा सुधार की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि बार-बार सामने आ रही ऐसी घटना यह साबित करती हैं कि मौजूदा परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। अरुण भारद्वाज ने दिवंगत छात्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की वही विद्यार्थियों से अपील की कि किसी भी परीक्षा का परिणाम जीवन से बड़ा नहीं होता इसलिए हताश्या निराश होने के बजाए जूझने की शक्ति रखे।

# कॉलोनी में नाला निर्माण के बाद समस्या, सड़क तक आ रहा नाला का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोतीपुर-चंदन नगर वार्ड नं. 3 में नाली का पानी लोगों के घरों तक घुस रहा है। जिसको लेकर वार्ड के लोगों ने नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्या का निराकरण करने मांग की है।

मोतीपुर-चंदन नगर वार्ड नं. 03 मोना बैग्स गली के निवासियों ने बताया कि यहां समीप में ही प्लाट काटकर बेचा गया था। वर्तमान में वहां पर नाला का कार्य हुआ है। जिसके बाद नाली का पानी सड़क से होकर लोगों के घरों तक आ रहा है। इसके लिए वार्ड पार्षद को जानकारी दी गई। पार्षद ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया है, लेकिन अब तक इस समस्या पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। वार्ड के लोगों ने नगर निगम हेल्पलाइन नम्बर 1100 में भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन यहां भी सुनवाई नहीं हुई। वार्ड के लोंगों ने बताया कि यहां गंदा पानी जमा होने के कारण लोगों को स्वस्थ्यगत समस्या भी हो रही है।

# पीएम सूर्य घर योजना, बीस सोलर दीदियां प्रशिक्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ पॉलीटेक्निक कालेज में शिविर का आयोजन

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ जिले के प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुचाने व स्वच्छ ऊर्जा को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज में 20 सोलर दीदी का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन सीएसपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर के अनुमोदन, कार्यपालक निदेशक एचके मेश्राम व अधीक्षण अभियंता संकेश्वर कंवर सहित कार्यपालन अभियंता आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार व क्रियान्वयन की दिशा मे लगातार संभाग अधीनस्थ वितरण केन्द्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

### हितग्राहियों को योजना की जानकारी दी

अभियान अंतर्गत प्रशिक्षित 20 सोलर दीदी अब अधिकृत वेंडर/सहयोगी के रूप में घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों को योजना की जानकारी देंगी, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में सहयोग कर रूफटॉप सोलर संयंत्र की स्थापना के लिए प्रेरित करेंगी। इनके माध्यम से अधिक से अधिक परिवारों को इस योजना से जोडने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षित सोलर दीदी जिले में योजना की सशक्त जनदूत के रूप में कार्य करते हुए आमजन तक योजना की जानकारी पहुँचाने, स्वच्छ व हरित ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, आत्मनिर्भर, ऊर्जा सक्षम भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। विद्युत संभाग ने जिले के समस्त पात्र विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी विद्युत लागत में कमी लाकर स्वच्छ ऊर्जा अभियान के सहभागी बनें।

# सेजेस की 190 बच्चियों को मिली साइकिल

■ जिपं उपाध्यक्ष सिंह ने छात्राओं को किया साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उमा शाला में कक्षा नवमी की 190 छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत जिपं उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति सभापति विक्रांत सिंह ने वितरित किया।

मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि शासन द्वारा दूरदराज कर बच्चियॉ आने जाने के साधन के अभाव मे आठवी कक्षा के बाद छोड़ देते है या गरीबी के कारण सायकल नहीं खरीद सकते।

शासन ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने महत्वाकांक्षी योजना प्रारंभ की है जिससे लाखों बालिकाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है उन्होंने कहा कि आप सब मन लगाकर पढ़े लिखे। सरकार उन्हे आगे बढ़ाने के हर निशुल्क सायकल, पाठ्य पुस्तक, गणवेश, छात्रावास व्यवस्था और छात्रवृत्ति की सुविधा दे रही है। साइकिल वितरण के अलावा डीएफओ पंकज सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में वन महोत्सव मनाया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी, जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल साहू उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, एसडीओ मोना माहेश्वरी, रेंजर सिमरन साहू सहित प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह, कुणाल टंडन, किशोर यादव, विनीता दीक्षित, नीलू सिंह, तृप्ति दशरिया, गुंजन सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, शाला परिसर मे छायादार, फलदार व औषधिय पौधो का रोपण कर उनके संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया गया।

# बिजली की बचत के लिए स्मार्ट मीटर एक कारगर कदम : संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छोटे-छोटे प्रयासों से बिजली की बचत होती है, जब बिजली की आवश्यकता नहीं हो तो बिजली का स्वीच बंद कर दें। ऐसी ही आदतों को अमल में लाने तथा बिजली की बचत के लिए स्मार्ट मीटर एक कारगर कदम साबित हो रहा है। एक ऐसा तरीका जिससे बिजली के खपत की नियमित मानिटरिंग कर उपभोक्ता अपने बिजली बिल में कमी ला सकते हैं। स्मार्ट मीटर एक नवाचार एवं ऐसी तकनीक है। जिसके माध्यम से दिन-प्रतिदिन बिजली खपत की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। राजनांदगांव शहर के लालबाग के संजय तेजवानी ने बताया कि उनके घर स्मार्ट मीटर लगा है। स्मार्ट मीटर में दिन-प्रतिदिन के विद्युत खपत की पूरी जानकारी मिल रही है। ज्यादा बिजली बिल आने पर उपकरण कितनी देर चला और उससे कितने विद्युत की खपत हुई, प्रमाणिक तौर पर जानकारी मिलती है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से विद्युत की बचत कर बिजली बिल में कमी ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर अच्छा है। शहरवासियों को इसे लगाना चाहिए। पहले तो मीटर की रीडिंग मालूम नहीं होती थी, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद 15 दिन के बिजली बिल की पहले ही विस्तृत जानकारी मिल जाती है। हर 30 दिन की मीटर रीडिंग पता चल जाती है तथा पिछले साल की रीडिंग भी निकल जाती है।

उन्होंने कहा कि उपकरणों का कम उपयोग करते हुए बिजली के बिल को नियंत्रित किया जा सकता है। सभी नागरिकों को इसका उपयोग करना चाहिए। उन्होंने अपने घर पर स्मार्ट मीटर लगने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया।

# एग्री स्टेक बकेट पंजीयन के संबंध में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एग्री स्टेक पोर्टल के संबंध में राजनांदगांव विकासखंड के समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटर तथा सीएससी संचालकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीकांत कोराम, उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर, उपायुक्त सहकारिता टंडन उपस्थित थे।

कार्यशाला में बताया गया कि एग्री स्टेक पोर्टल में किसानों का डिजिटिल रिकार्ड संधारण के लिए पंजीयन कराया जा रहा है। इसके साथ ही किसानों के सभी खसरा एवं रकबा का लैंड आईडी में शामिल करने पंजीयन करना अनिवार्य है। किसानों को आगामी धान खरीदी एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की समस्या नहीं हो, इसके लिए किसानों से संपर्क कर एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने कहा। इसके साथ ही बैनर-पोस्टर के माध्यम से एग्री स्टेक बकेट क्लेम के महत्व एवं पंजीयन हेतु महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जानकारी देने कहा।

कार्यशाला में बताया गया कि जिले में 189000 खसरा अनक्लेक्ड बकेट में प्रदर्शित हो रहा है। पिछले हफ्ते चलाए गए अभियान के माध्यम से 4000 बकेट को संबंध किसान के लैंड आईडी में जोड़ा गया है। कार्यशाला में राजनांदगांव विकासखंड के समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटर उपस्थित थे।

### 27वें वार्षिक सम्मान समारोह की तैयारी बैठक

# साहित्यिक परिचर्चा एवं कवि गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




साहित्यिक संस्था साकेत साहित्य परिषद सुरगी के तत्वावधान में आयोजित मासिक साहित्यिक परिचर्चा, कवि गोष्ठी तथा 27वें वार्षिक सम्मान समारोह की तैयारी बैठक साकेत भवन सुरगी में आयोजित की गई।

कार्यक्रम का प्रथम सत्र पद्मविभूषण स्व. तीजनबाई तथा लोक कलाकार स्व. रामू यादव एवं शिक्षाविद स्व. राजेन्द्र सिंह ठाकुर की स्मृति को समर्पित रहा। साहित्यकारों एवं कलाकारों ने तीनों विभूतियों के छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और कला व शिक्षा जगत में दिए गए अविस्मरणीय योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार आत्माराम कोशा व अध्यक्षता ओमप्रकाश साहू ने की। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा ने किया। विशेष अतिथि लखनलाल कलामे, डॉ. इकबाल खान, प्रभात तिवारी, जितेन्द्र पटेल, गायत्री साहू, हर्षा देवांगन उपस्थिति रही।

मुख्य वक्ता कुबेर सिंह साहू ने कहा कि स्व. तीजनबाई ने छत्तीसगढ़ की लोककला पंडवानी को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित कर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाईयां प्रदान की। विशिष्ट वक्ता महेन्द्र कुमार बघेल ने कहा कि तीजनबाई ने अपनी विलक्षण प्रस्तुति शैली, प्रभावशाली वाणी और सशक्त अभिनय के माध्यम से पंडवानी को नई ऊंचाईयां प्रदान की। मुख्य अतिथि आत्माराम कोशा ने कहा कि पद्मविभूषण स्व. तीजनबाई केवल छत्तीसगढ़ की नहीं, बल्कि पूरे भारत की लोक सांस्कृतिक चेतना की सशक्त प्रतिनिधि थी।

ओमप्रकाश साहू ने कहा कि नई पीढ़ी को तीजनबाई के संघर्ष, साधना और लोकसंस्कृति के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेकर अपनी भाषा, संस्कृति एवं लोकपरंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए आगे आना चाहिए।

### विस्तार से की गई चर्चा

रोशनलाल साहू ने कहा कि तीजनबाई ने अपनी अद्वितीय कला-साधना, ओजस्वी प्रस्तुति और लोकपरंपराओं के संरक्षण के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। मदन मंडावी ने कहा कि पद्मविभूषण स्व. तीजनबाई केवल एक महान लोक कलाकार ही नहीं थीं, बल्कि वे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक अस्मिता की सशक्त प्रतीक थी। परिचर्चा सत्र का संचालन लखनलाल साहू ने किया। बैठक में आगामी 27वें वार्षिक सम्मान समारोह की रूपरेखा, आयोजन संबंधी तैयारियों तथा विभिन्न व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अंत में वीरेंद्र तिवारी व पवन यादव के संयुक्त संचालन में सरस कवि गोष्ठी आयोजित की गई।

# महेंद्र सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित

■ मोखला में शाला प्रबंधन समिति का गठन



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश तथा जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में विकासखंड एवं जिला राजनांदगांव के संकुल भरेंगांव अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोखला में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से महेंद्र कुमार निषाद को शाला प्रबंधन समिति का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

समिति में ज्योति साहू को उपाध्यक्ष, सुभाष कुमार मेश्राम प्रधान पाठक को सचिव, प्रीति चतुर्वेदी को शिक्षक सदस्य, चुम्मन हेमशंकर साहू सरपंच को पंचायत प्रतिनिधि तथा लखनलाल साहू को शिक्षाविद सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। पालक सदस्यों में हेमनाथ साहू, नेमीचंद साहू, जितेंद्र यादव, केवल साहू, देवकुमार साहू, नारद साहू, टुकेश्वर साहू, कांता ठाकुर, खेमीन साहू, यामिनी साहू, नेमीन साहू, सोनिया साहू, ममता साहू एवं मिलौतिन साहू शामिल हैं।

बैठक में पूर्व उपाध्यक्ष संगीता साहू, प्रधान पाठक सुभाष मेश्राम तथा शिक्षकगण दुष्यंत चंद्राकर, देवकुमार नामदेव, रणजीत यादव, प्रीति चतुर्वेदी, जनकलाल साहू, दुल्लीचंद साहू, यामिनी ठाकुर एवं महेश्वर कुमार साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि हेमशंकर साहू, रसोइया सावित्री साहू, भानाबाई साहू, पेमीन यादव, जानकीबाई यादव, देवकीबाई साहू सहित बड़ी संख्या में पालकों ने सहभागिता निभाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र ने सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा पालक-विद्यालय समन्वय को सुदृढ़ बनाने समिति पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करेगी।

## सार समाचार

### साइकिल की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**खड़गांव।** राज्य सरकार की सरस्वती साइकिल योजना के तहत वितरण के लिए बुधवार को बड़ी संख्या में साइकिल पहुंची है। सायकिल की



गुणवत्ता को लेकर नाराजगी देखने मिल रही है। इस संवाददाता ने स्कूल परिसर पर जाकर देखा तो पाया कि किसी चहेते सप्लायर को लाभ पहुंचाने के लिए आर्डर दिया गया है क्योंकि सायकिल की गुणवत्ता बहुत ही खराब हैं। जानकारी पहुंचने के बाद कोई जिम्मेदार व्यक्ति इस संबंध में जानकारी देने तैयार नहीं है। सायकिल की क्वालिटी देखकर अनुमान जा रहा है कि सप्लाई में बड़ा खेल हुआ है। आशंका जाहिर किया जा रहा है कि सायकिले महीने- दो महीने में ही खराब हो जाएगी। लोगों अच्छी सायकिल वितरित करने की मांग की है।

### 27 को महावीर चौक से निकलेगी शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत 27 जुलाई को महावीर चौक में सुबह 8 बजे विजय मंत्र जाप एवं गौमाता का पूजा-अर्चना की जाएगी। सुबह 11 बजे मातृशक्ति सिर पर पवित्र कलश धारण कर तथा बैलगाड़ी में हस्ताक्षर शीट के साथ भव्य गौ सम्मान शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा महावीर चौक से प्रारंभ होकर भगतसिंह चौक, आजाद चौक एवं सिनेमा लाइन सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला कार्यालय पहुंचेगी, जहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम अभियान अंतर्गत एकत्रित लगभग 3 लाख हस्ताक्षरों के साथ गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा प्रदान करने तथा केंद्रीय गौ मंत्रालय की स्थापना की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा जाएगा।

शोभायात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, गौ महिमा एवं गौमाता की उपयोगिता पर आधारित पोस्टर, बैनर तथा जनजागरण संदेशों के माध्यम से नागरिकों को गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान के प्रति जागरूक किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा अभियान को सफल बनाने जिले के सभी गौभक्तों एवं नागरिकों से इस जनजागरण अभियान में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

### सोमनी में व्याख्याताओं के चार पद रिक्त

**सोमनी।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में व्याख्याताओं के पद रिक्त होने के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्राचार्य सविता अवस्थी ने बताया कि वर्तमान में भूगोल, अंग्रेजी, वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र के चार व्याख्याता के पद रिक्त हैं। इन विषयों के नियमित शिक्षक नहीं होने से विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों की कमी को देखते हुए भाजपा ग्रामीण मंडल के रमन सिंह राजपूत ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र प्रेषित कर विद्यालय में रिक्त व्याख्याताओं के पदों पर शीघ्र नियुक्ति कराने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने तथा विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए रिक्त पदों को तत्काल भरना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व माध्यमिक शाला में भी दो शिक्षकों के पद रिक्त हैं।

### कांग्रेस की रैली आज

**डोंगरगढ़।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा कल 25 जुलाई को 11 बजे हाई स्कूल मैदान से रैली निकाला जाएगा। यह आयोजन दिल्ली में आंदोलित छात्रों पर लाठी चार्ज करने के विरोधी में किया गया है। प्रदर्शन में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान शामिल होंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में शामिल होने का आव्हान किया है।

### करमरी सरपंच का बिजली बिल हुआ शून्य

**छुरिया।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लोगों के लिए लाभदायक साबित हो रही है। ग्राम पंचायत करमरी के



सरपंच दीनदयाल साहू ने अपने घर में सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराया जिसके बाद से उनका मासिक बिजली बिल शून्य हो गया है। अब वह अन्य ग्रामीणों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सरपंच दीनदयाल साहू ने बताया कि जनपद पंचायत से उन्हें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने घर की छत पर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाया। सोलर सिस्टम से बिजली उत्पादन शुरू होने के बाद घरेलू बिजली की आवश्यकता सौर ऊर्जा से पूरी होने लगी और उनका बिजली बिल शून्य हो गया। उन्होंने बताया कि इससे बिजली खर्च में बड़ी बचत होती है, वहीं स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को अनुदान भी दिया जा रहा है, जिससे सोलर सिस्टम लगवाना किफायती हो गया है।

### मौत के मामले में प्रशासन सुस्त, नेता मौन

**डोंगरगढ़।** ग्राम बोरतलाव में कुछ दिनों पहले तीन बच्चों की गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। इस घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस मामले का लेकर प्रशासन और राजनैतिक दल संवेदनशीलता का परिचय देंगे और दोषियों पर त्वरित एक्शन देखने मिलेगा।

घटना के बाद अब तक न ठेकेदार और न लापरवाही बरतने वाले माइनिंग, राजस्व और शिक्षा विभाग पर कोई कार्रवाई हो सकी है। हद तो तब हो गई जब वोट के लिए गलियों और बीहड़ तक की खाक छानने वाले कथित माननीय जनों ने इस गंभीर मामले में चुप्पी साध लिया। घटना के बाद प्रशासन ने 4 - 4 लाख का मुआवजा पीडित परिवार को दिया है किन्तु सवाल यह है कि मुआवजा की मरहम से उन परिवारों का दर्द कम हो जाएगा जिन्हे गहरा जख्म मिला है। प्रशासनिक लापरवाही से घटिता घटना के शिकार बच्चों और उनके परिजनों को न्याय तो तभी मिलेगा जब जांच और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई हो।

## निधन



### आभा सिंह

**राजनांदगांव।** बीएनसी मिल मिलचाल बंगला कॉलोनी निवासी स्व. राजेंद्र सिंह की पुत्रवधू एवं अजीत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती आभा सिंह (35 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके असमय निधन से परिजनों, परिचितों और क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। उनकी अंतिम यात्रा कल 25 जुलाई को दोपहर 3 बजे उनके निज निवास से मठपारा स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।



### ऐतराम जदेल

**डोंगरगढ़।** बेलगांव समीप ग्राम कोलेद्रा निवासी एवं सेवा सहकारी समिति बेलगांव की सेवानिवृत्ति प्रबंधक ऐतराम जदेल का आकस्मिक निधन हो गया। श्री जदेल अपने पीछे दो पुत्र, पुत्री, पत्नी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मित्रगण, सामाजिकगण एवं ग्रामीणों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

---

### आरोपी उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार

# ऑनलाइन खाद, कृषि दवाई सप्लाई करने के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ऑनलाइन खाद एवं कृषि दवाई सप्लाई के नाम पर साइबर ठगी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना खैरागढ़ में प्रार्थी ऋषभ सिंह निवासी ग्राम चिखलदाह ने थाना में शिकायत दर्ज कराई कि दवाई खरीदने के लिए उसने मोबाइल नंबर पर संपर्क कर आरोपियों ने स्वयं को खाद एवं कृषि दवाई सप्लायर बताकर व्हाट्सएप एवं मोबाइल कॉल के माध्यम से ऑर्डर लिया तथा विभिन्न किस्तों में कुल 5,40,000 रुपए अपने बैंक खातों में ऑनलाइन जमा करा लिए। राशि प्राप्त होने के बाद आरोपियों ने न तो खाद एवं कृषि दवाई की आपूर्ति की और न ही भुगतान की गई राशि वापस की। इसके बाद उन्होंने अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए तथा प्रार्थी से संपर्क समाप्त कर दिया। शिकायत की जांच उपरांत प्रथम दृष्टया साइबर धोखाधड़ी पाए जाने पर थाना खैरागढ़ में धारा 318(4) बीएनएस एवं 66-डी सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम, 2008 के तहत विवेचना प्रारंभ की गई।



#### टीम ने दी दबिश

पुलिस के अनुसार प्रकरण की गंभीरता को देखते थाना खैरागढ़ एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की लोकेशन जिला मैनपुरी उत्तरप्रदेश प्राप्त हुई। पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश देकर आरोपी अनुरुद्ध कुमार 27 वर्ष निवासी ग्राम नगला लछी थाना किसनी पोस्ट शमशेरगंज जिला मैनपुरी उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया।

#### एटीएम, पासबुक व मोबाइल जब्त

पुलिस ने आरोपी से 12 नग विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, 2 नग बैंक पासबुक,1 नग घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद कर विधिवत जब्त किया गया। पूछताछ के आधार पर मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों एवं बैंक खातों के संबंध में जानकारी एकत्रित की जा रही है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश एवं साइबर फ्रॉड नेटवर्क की जांच जारी है।

## योग प्रशिक्षण के लिए 10 महिलाएं चयनित



**डोंगरगढ़।** योग को घर-घर तक पहुंचाने के लिए शहर की 10 महिलाओं का चयन हरिद्वार में आयोजित योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। सभी योग साधिकाएं पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हरिद्वार रवाना हो गई हैं।

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में 23 से 27 जुलाई तक योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। योगगुरु स्वामी रामदेव के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में योगासन, प्राणायाम, प्राकृतिक चिकित्सा, स्वास्थ्य संवर्धन, योग शिक्षण तकनीक तथा जन-जागरूकता से जुड़े विषयों की जानकारी दी जाएगी। चयनित महिलाओं में ममता अग्रवाल, रूपा टेंभुरकर, गोदावरी साहू, मंजू पांडे, विद्या अंबादे, अशरफ जीवा, कुसुम सहारे, निकिता झुलानी, संगीता टेंभुरकर एवं भारती इंदुरकर शामिल है।

## पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू

- फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ मौसम में फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे किसानों को कम तापमान, अधिक तापमान, कीट-व्याधि के प्रकोप के अनुकूल मौसम, अनियमित वर्षा की स्थिति निर्मित होना, ओला वृष्टि, प्रतिकुल मौसम से होने वाले हानि से बचाने पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। खरीफ वर्ष 2026 में राजनांदगांव जिले अंतर्गत बीमा कराने वाले कृषकों को अधिसूचित फसल टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता, अमरूद के अनुसार निर्धारित कुल बीमित राशि का अधिकतम 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक प्रीमियम जो भी कम हो राशि कृषक अंश के रूप में ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के कृषकों को जमा करना होगा। बीमा कराने के लिए अऋणी कृषक फसल लगाने का स्वघोषित प्रमाण पत्र, नक्शा खसरा, आधार कार्ड, आईएफएससी कोड सहित अन्य आवश्यक जानकारी उल्लेखित बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति की आवश्यकता होगी। ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन के आधार पर क्रियान्वित होगी। योजना में शामिल नहीं होने के इच्छुक ऋणी कृषक को भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

## संगिनी एक्सक्लूसिव एग्जीबिशन 4 से

**राजनांदगांव।** अग्रवाल महिला मंडल जिला राजनांदगांव द्वारा महिलाओं एवं परिवारों के लिए दो दिवसीय संगिनी एक्सक्लूसिव एग्जीबिशन का आयोजन 4 एवं 5 अगस्त को अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैंड राजनांदगांव में किया जाएगा। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 9 से रात्रि 9 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी।

आयोजकों ने बताया कि इस एग्जीबिशन में महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते विभिन्न प्रकार के आकर्षक उत्पादों का विशाल संग्रह उपलब्ध रहेगा। प्रदर्शनी में बनारसी साड़ियां, राजवाड़ी ज्वेलरी का विशेष कलेक्शन, भगवान की पोशाक एवं श्रृंगार सामग्री, राखियां, बच्चों के उपयोगी सामान, भगवान के झूले, आरती की थाली, सूट, बेडशीट, बेडकवर, पर्स, चप्पल एवं चश्मे सहित अनेक वस्तुएं प्रदर्शित की जाएगी। आयोजक समिति के अनुसार यह एग्जीबिशन महिलाओं को एक ही स्थान पर विविध उत्पादों की खरीदारी का अवसर प्रदान करेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर सामाजिक मेल-मिलाप और पारिवारिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संतोष अग्रवाल, सचिव सुषमा अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष सारिका अग्रवाल सहित मंडल की सदस्य तैयारियों में जुटी हुई है। अग्रवाल महिला मंडल ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में एग्जीबिशन में पहुंचकर आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

## आज पहुंचेगा भक्तों का जत्था



**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में कल 25 जुलाई को सुबह सदगुरु कबीर दर्शन यात्रा हेतु संत-महंत के साथ लगभग दो दर्जन भक्तों की जत्था राजस्थान प्रांत के बांसवाड़ा क्षेत्र कबीर धर्मानुरागी जनों पंथ श्री 1008 हजूर अर्धनाम साहेब, कबीर पंथाचार्य जी के पावन जन्म भूमि दर्शन करने पहुंचेगी।

सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के गादीपति वयोवृद्ध महंत श्री सेवा दास साहेब एवं सदगुरु कबीर सत्संग सेवायोग आश्रम समिति पेंडरी के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू के विशेष सहयोग से सभी आगंतुक दर्शनार्थियों का स्वागत सम्मान, भोजन प्रसादी की व्यवस्था किया जाता है। यह जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम के प्रबंधक योगदास साहू ने दी है।

## चोरी की वारदातों में बच्चों का इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- दो घटनाओं का वीडियो वायरल

सोशल मीडिया में वायरल दो वीडियो ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में कम उम्र के एक बच्चा कथित तौर पर चोरी की वारदात को अंजाम देता दिखाई दे रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि दोनों घटनाएं दिन के उजाले में हुईं और दोनों मामलों में बच्चा अकेले पूरी वारदात को अंजाम देता नजर आ रहा है।

जानकारी के अनुसार पहला वायरल वीडियो ट्रकों से चोरी की घटना का बताया जा रहा है। वीडियो में एक बच्चा ट्रकों के पास पहुंचता है और एक ट्रक का फॉग लैंप निकालता है। इसके बाद वह दूसरे ट्रक पर चढ़कर कुछ देर तक तलाश करता है, और बैटरी निकालकर फरार हो जाता है। वहीं दूसरा वीडियो गोल बाजार स्थित एक जूते-चप्पल की दुकान का है। फुटेज में दुकान संचालिका आराम करते दिखाई दे रही है। इसी दौरान एक बच्चा पहले दुकान के आसपास नजर दौड़ाता है, और मौका मिलते ही दुकान में प्रवेश कर गल्ले में रखी नकदी निकालकर भाग जाता है।



#### घटना की पुष्टि नहीं

वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दोनों मामलों में शिकायत दर्ज हुई है, तो जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इन घटनाओं के पीछे केवल बच्चे हैं या फिर कोई नेटवर्क है। लोगों की नजर अब पुलिस की कार्रवाई पर है।

## शहर के कई स्थानों से बाइक चोरी

**राजनांदगांव।** बाइक चोरी के मामले की जांच करते पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनसे चोरी की बाइक बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 10 जनवरी से 7 जून के मध्य थाना कोतवाली क्षेत्र के जयस्तंभ चौक, गोल बाजार, भदौरिया चौक, रामनगर बिजली ऑफिस के पास, अम्बेडकर चौक राजनांदगांव एवं बजरंगपुर में हुई मोटर साइकिलों की चोरी की घटना में प्रार्थियों की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

#### सीसीटीवी कैमरा खंगाला

इस मामले में थाना कोतवाली एवं सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम गठित कर प्रकरण के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में मिले क्लू एवं मुखबीर की सूचना पर जिला कबीरधाम क्षेत्र टीम को रवाना किया गया।

#### दो गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

पुलिस ने आरोपी वीरू सारथी 31 साल सारथीपारा गोपीबंद मोहल्ला वार्ड नं. 3 थाना पंडरिया व संदीप सत्यवंशी 23 साल ग्राम दुल्लापुर रानीसागर जिला कबीरधाम को घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस के अनुसार पूछताछ पर उपरोक्त मामलों में चोरी गया बाइक की चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों से कोतवाली क्षेत्र एवं बसंतपुर थाना क्षेत्र से चोरी हुए एक बाइक को बरामद किया गया है।



### अधिनियम का उल्लंघन, जब्तशुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर खरबी सांई बाबा नगर नंदन वन नागपुर महाराष्ट्र निवासी प्रमेश बाघमारे के स्वामित्व की जब्तशुदा वाहन मैक्स पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 40-7511 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम चिरचारीकला से जब्त वाहन में 8 नग गौवंश को बिना चारा पानी के कूररतापूर्वक कत्लखाना महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था।

### काउंसलिंग प्रक्रिया अपरिहार्य कारणों से की गई निरस्त

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 14 जुलाई को सभी जिलों में संपन्न हुए काउंसलिंग प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। आगामी काउंसलिंग हेतु दिशा-निर्देश एवं तिथि की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

## कला साधक आज देंगे प्रस्तुति

**राजनांदगांव।** नगर की कुलदेवी रिद्धी-सिद्धी दात्री श्री शीतला माता मंदिर प्रांगण में कल 5 जुलाई को संध्या 5 से 6.30 बजे तक अर्पण नृत्य संगीत के माध्यम से कला साधना का अर्पण कर अपने आराध्य देवी-देवता का देवशयनी एकादशी के अवसर पर संस्कारधानी के कला साधक एवं साधिका प्रस्तुति देंगे। इस बार देवशनी एकादशी 25 जुलाई से समस्त देवी-देवता 4 माह के लिए अपने लोक में विश्राम करेंगे, जिसे चर्तुमास का प्रारंभ भी कहते है। जैन धर्म के लोग इसे प्रमुखता से नियमबद्ध तरीके से नियमित करते एवं साधु संत चर्तुमास में भजन-कीर्तन, तप साधना कर जगत कल्याण की मंगल कामना करते हैं। शीतला माता मंदिर के पं. सुरेश महाराज, पं. सुभाष महाराज, पं. राज महराज एवं पुजारीगण उपरोक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उपरोक्त जानकारी संस्था के तुषार सिन्हा ने दी।

## भाजपा का आरोप, पूर्व विधायक ने की गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

कांग्रेसियों द्वारा आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू पर गाली-गलौज करने का आरोप भाजपा ने लगाया है। मंडल भाजपा अध्यक्ष ने इस संबंध में छुरिया थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर पूर्व विधायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने थाना परिसर में कांग्रेसियों द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने को लेकर भी कार्रवाई की मांग की है।



उल्लेखनीय है कि गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नीट पेपर के मुद्दे को लेकर छात्र समुदाय के समर्थन एवं कांग्रेस अध्यक्ष एवं विपक्ष के नेता सहित अन्य कांग्रेसियों की गिरफ्तारी के विरोध में पुराने बस स्टैंड में प्रधानमंत्री का पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया था। इसी दौरान एक भाजपा नेता पुतला लेकर भाग खड़ा हुआ और कांग्रेसी देखते रह गए। इससे गुस्साए कांग्रेसी भाजपा नेताओं से भिड़ गए। दोनों तरफ से जमकर नारेबाजी होती रही। पुलिस ने दोनों पक्षों को किसी तरह शांत कराया। पुतला दहन के बाद जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव, पूर्व विधायक छन्नी साहू, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू सहित कांग्रेसी छुरिया थाना पहुंचकर पूर्व जनपद सदस्य अमीर खान पर पुतला लेकर भागे जाने को लेकर अपराध दर्ज करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने लगे। देर रात थाना छुरिया में कांग्रेसी नेताओं का विरोध प्रदर्शन चलता रहा।

इधर भाजपा मंडल अध्यक्ष कांता साहू ने कांग्रेसियों के पुतला दहन के दौरान पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। उन्होंने छुरिया थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन को इस संदर्भ में ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने थाना परिसर में कांग्रेसियों द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने को लेकर भी उचित कार्रवाई की मांग की है।

#### थाना परिसर में आधी रात तक चला धरना प्रदर्शन

कांग्रेस द्वारा आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान भाजपाईयों द्वारा पुतला लेकर भाग जाने से कांग्रेस नेता काफी बौखला गए। उन्होंने थाना परिसर में ही धरना प्रदर्शन कर दिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। थाना परिसर में कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने की सूचना मिलने पर विधायक भोलाराम साहू अपने समर्थकों के साथ पहुंचे, जहां पुलिस प्रशासन के प्रशिक्षु सीएसपी वैशाली जैन एवं एडिशनल एसपी कीर्तन राठौर, एसडीओपी डोंगरगढ़ केसरीनंदन नायक की समझाईश एवं प्रतिबंधक कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद रात 12 बजे कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

#### की जाएगी कार्रवाई

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपा है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

\- कौशलेश देवांगन, टीआई, छुरिया



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026



### खबर संक्षेप

#### सिस्टम सक्रिय..दो दिन बारिश को लेकर अलर्ट

**राजनांदगांव।** बंगाल की खाड़ी में बने लो-प्रेशर का असर अभी भी बना हुआ है। यही कारण है कि अंचल सहित प्रदेश के मध्य इलाकों में अलगे दो दिन और बेहतर बारिश की संभावना जताई गई है। हालांकि शुक्रवार को जिले में बारिश थमी रही। इधर मानसून के फिर से सक्रिय होने और पिछले एक सप्ताह के दरमियान बेहतर बारिश के चलते किसानों को भी काफी राहत मिली है। पिछले कुछ दिनों में ही अंचल में चार इंच से अधिक बारिश देखने को मिली है। हालांकि अब भी मानसून सीजन में बारिश का आंकड़ा सामान्य से लगभग 8 फीसदी तक पीछे चल रहा है। आने वाले दिनों में इसमें सुधार होने की संभावना जताई गई है। एक जून से लेकर अब तक राजनांदगांव जिले में अब तक 385 मिमी, केसीजी जिले में अब तक 302 मिमी और एमएमसी जिले में अब तक 306 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### माय एंगल




## गिरोह बनाकर महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में आधा दर्जन बाइक की चोरी, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



वाहन चोरी के मामले में जांच पड़ताल कर रही पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की बाइक भी बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी सुभम यादव निवासी पेंड्री ने 8 जुलाई को अपनी हीरो स्प्लेंडर शेरे पंजाब ढाबा के पास खड़ी करने के बाद चोरी हो जाने की रिपोर्ट थाना लालबाग में दर्ज कराई गई थी। प्रकरण में धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान साइबर सेल द्वारा प्राप्त सीसीटीवी फुटेज व मुखबीर से सूचना प्राप्त होने पर संयुक्त पुलिस टीम ने पेंड्री हाईवे स्थित देवांगन ढाबा के पास संदिग्ध व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने बाइक चोरी करना व अपने कब्जे में होना स्वीकार किया तथा पूछताछ के दौरान कुल 6 चोरी की बाइक के संबंध में जानकारी दी। जिसमें से 4 बाइक रायपुर के अलग-अलग स्थानों से तथा 1 बाइक आमगांव जिला गोंदिया महाराष्ट्र राज्य से चोरी करना बताए।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपियों के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 6 बाइक बरामद की गई। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी चोरी की बाइक की पहचान छिपाने के उद्देश्य से वाहनों के मूल नंबर प्लेट हटाकर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उनका उपयोग कर रहे थे। एक आरोपी द्वारा चोरी का वाहन होने की जानकारी होने के बावजूद अपने पास रखना भी पाया गया। जिसके आधार पर प्रकरण में अतिरिक्त धाराएं 336(3), 238, 317(2), 3(5) बीएनएस जोड़ी गई। गिरफ्तार आरोपी पंकज मंडिया 19 वर्ष, प्रतीक गयगये 23 वर्ष जिला गोंदिया महाराष्ट्र एवं कमलेश नखाते 26 वर्ष जिला बालाघाट मप्र को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड प्राप्त किया गया है।

## नेशनल हाईवे में नगर निगम के पानी टैंकर से टकराई शिक्षिका की दो पहिया वाहन, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा देखने को मिला है। जिसमें नगर निगम के पानी टैंकर की चपेट में आने से 35 वर्षीय शिक्षिका की दर्दनाक मौत हो गई। मृतिका शिक्षका को हादसे के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतिका की पहचान बीएनसी मिल कॉलोनी निवासी आभा सिंह के रूप में हुई है, जो डोंगरगांव क्षेत्र के एक शासकीय विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिक्षिका आभा सिंह प्रतिदिन की तरह डोंगरगांव स्थित अपने सरकारी स्कूल से ड्यूटी पूरी कर वापस लौटी थी। उन्होंने अपना दोपहिया वाहन महामाया चौक के समीप पार्क किया था। शाम करीब पांच बजे वे महामाया चौक से अपना वाहन लेकर किसी अस्पताल की ओर जा रही थी। जैसे ही वे पुलिस लाइन के सामने पहुंची, तभी सामने से जा रहे नगर निगम के पानी टैंकर के पीछे उनकी दो पहिया वाहन जा टकराई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि शिक्षिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

### डॉक्टरों ने घोषित किया मृत

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल शिक्षिका को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की जानकारी बाद पुलिस टीम अस्पताल और दुर्घटनास्थल पर पहुंची। बसंतपुर पुलिस द्वारा मामले को लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस लाइन जैसी मुख्य सड़क पर हुए इस हादसे से बीएनसी मिल कॉलोनी और डोंगरगांव शासकीय स्कूल परिसर में गहरा शोक व्याप्त है।

### सब्जी बेचने वाले युवक की मौत

इधर गुरुवार को भी एक दर्दनाक सड़क हादसा देखने को मिला। जिसमें सब्जी बेचने वाला व्यापारी अपनी खरीदी करने के लिए आए 40 वर्षीय दयाराम पटेल की मौत हो गई। बताया गया कि मृतक दयाराम पटेल अपनी मोटर साइकिल से सब्जी खरीदने जा रहा था। इसी दौरान नंदई चौक के पास विपरीत दिशा से आ रही माजदा वाहन से टकरा गया। हादसे में दयाराम गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई।

## शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शादी का प्रलोभन देकर युवती से कुकर्म करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 जुलाई को पीड़िता द्वारा थाना बागनदी में एक लिखित शिकायत आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी खुमेन्द्र कुमार श्याम उर्फ कुणाल श्याम 21 वर्ष निवासी सड़क चिरचारी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक शोषण किया गया। जिससे वह 8 माह की गर्भवती हो गई। इसके बाद शादी करने से इंकार कर दिया। रिपोर्ट पर थाना बागनदी में धारा 69 बी ए न ए स अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस टीम बनाकर तत्काल आरोपी की पतासाजी की गई। अपराध कायमी के महज 3 घंटे के अंदर प्रकरण के आरोपी खुमेन्द्र कुमार श्याम उर्फ कुणाल श्याम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म कबूल करने से गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### भक्ति में सराबोर रहे श्रद्धालु, मंदिर लौटने पर की गई महाआरती

## रथयात्रा के बाद मंदिर लौटे भगवान जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के समापन अवसर पर गुरुवार को प्रभात नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। भगवान जगन्नाथ अपने रथ में सवार होकर नगर भ्रमण के पश्चात पुनः प्रभात नगर स्थित मंदिर लौटे। इस दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ प्रभु का स्वागत किया।

रथयात्रा के दौरान बाजे-गाजे, भजन-कीर्तन और धार्मिक उल्लास के बीच भगवान का रथ शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सर्विस लेन होकर पुनः प्रभात नगर जगन्नाथ मंदिर पहुंचा। इस दौरान श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ रथ खींचते हुए प्रभु के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करते रहे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी तथा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भक्ति और आस्था से सराबोर माहौल ने पूरे क्षेत्र को धार्मिक रंग में रंग दिया।

उल्लेखनीय है कि 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ प्रभात नगर स्थित मंदिर से रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले थे, जिन्होंने समाज के भवन में विश्राम किया। इस दौरान उनका नियमित रूप से सेवा की गई। परंपरा के अनुसार निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद गुरुवार को भगवान पुनः अपने मंदिर लौटे, जहां विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती का आयोजन किया गया।

### 26 को भी आयोजन

इधर गांधी चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में भी रथयात्रा का उत्साह जारी है। 16 जुलाई को बाजे-गाजे के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व देवी सुभद्रा रथ में सवार होकर जगन्नाथ मंदिर गांधी चौक के पास से शहर भ्रमण पर निकले एवं जूनीहटरी स्थित राम जानकी मंदिर में इस दौरान विश्राम किए। यहां नियमित रूप से उनकी सेवा की गई। भजन-कीर्तन का वातावरण रहा। यहां भगवान जगन्नाथ 26 जुलाई को नगर भ्रमण के उपरांत पुनः अपने मंदिर गांधी चौक लौटेंगे। इस अवसर पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंदिर समिति द्वारा वापसी यात्रा एवं विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां पूरी कर ली गई है।



## खबर संक्षेप

### पांच दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण संपन्न



**कवर्धा।** कलेक्टर के निर्देशानुसार और महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिल्हाटी में आयोजित पांच दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण का गुरुवार को गरिमामय माहौल में समापन हुआ। विकासखंड सहसपुर लोहारा के अंतर्गत आने वाले इस विद्यालय में 20 से 24 जुलाई तक आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में विद्यालय की किशोरी बालिकाओं को मास्टर ट्रेनर द्वारा आत्मरक्षा की व्यावहारिक और प्रभावी तकनीकें सिखाई गईं। इस दौरान बालिकाओं को आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने, त्वरित निर्णय लेने, मानसिक रूप से मजबूत रहने और पूरी दृढ़ता एवं आत्मविश्वास के साथ हर चुनौती का सामना करने के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं एवं उपस्थितिःमुख्य अतिथि व गणमान्यः कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिल्हाटी के सरपंच अर्जुन साहू, एस.एम.डी.सी. सदस्या श्रीमती उषा देवांगन और महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी सुश्री रीना ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सम्मान समारोह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाली सभी बालिकाओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। वहीं, मास्टर ट्रेनर दीपेश्वरी विश्वकर्मा को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मोमेंटो और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजना का लाभ




**कवर्धा।** जिले को स्वच्छ, स्वस्थ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों तथा राज्य शासन के निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 का जिले में प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिए ग्राम स्तर तक व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक घर में निर्मित व्यक्तिगत शौचालयों का नियमित उपयोग सुनिश्चित कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्मित सेग्रिगेशन शेड, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एवं गोबर गैस प्लांट जैसी परिसंपत्तियों का नियमित रख-रखाव एवं मरम्मत ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी है। इन परिसंपत्तियों का बेहतर संचालन ही स्वच्छता अभियान को स्थायी सफलता दिलाएगा।कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, सचिवों एवं स्वच्छाग्रहियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा बननी चाहिए। प्लास्टिक कचरे को खुले में न फेंकें, बल्कि उसे एकत्रित कर अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामों के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। जिले को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है और सभी के सहयोग से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

### जमीन पर बैठकर उपमुख्यमंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# क्षेत्र में होगा करोड़ों रुपए का सड़क व पुल-पुलिया निर्माणः विजय शर्मा

- छत्तीसगढ़ सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही-श्री शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विधानसभा क्षेत्र के सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भेंड्रा नवागांव और पीरचाटोला में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रमों में शामिल होकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चिरपरिचित अंदाज में ग्रामीणों के बीच जमीन में बैठकर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं तथा कई मांगों पर मौके पर ही स्वीकृति और घोषणाएं करते हुए विकास कार्यों की सौगात दी। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम भेंड्रा नवागांव में आयोजित कार्यक्रम से ग्राम बोटेसुर से नवागांव तक एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत से सड़क निर्माण कराने की घोषणा की। वहीं ग्राम पीरचाटोला में 5.20 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण तथा वीबी जी-राम-जी योजना के तहत पुलिया निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृत कराने की घोषणा की।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है और विकास कार्यों के लिए निरंतर स्वीकृति दी जा रही है। उन्होंने बताया कि भेंड्रा नवागांव, बोटेसुर के गांवों में सामुदायिक भवन, सीसी रोड, बोर खनन, रंगमंच, आहता निर्माण तथा आंतरिक विद्युतीकरण जैसे अनेक कार्य पूरे किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि सूरजपुरा पंचायत में 51 लाख रुपये की लागत से मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक स्टेडियम में नियमित खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हों तथा आसपास के 15 से 20 गांवों के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि युवाओं को सकारात्मक दिशा मिल सके।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सूरजपुरा और धनौरा सहित क्षेत्र में कई सड़कों का निर्माण कराया गया है। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण मानको के अनुरूप होना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि पीरचाटोला में 40, सूरजपुरा में 57, पेण्ड्रातराई में 61, बैगापारा में 65 तथा बोटेसुर में 75 आवास स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के गठन के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई थी और बीते ढाई वर्षों में 11 लाख आवासों का निर्माण पूरा किया जा चुका है।

### गांव की आर्थिक गतिविधियों, कृषि, व्यापार व रोजगार को बढ़ावा देना आवश्यक



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिला स्व-सहायता समूह डेयरी, दुग्ध उत्पादन और अन्य स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। यदि समूह कार्ययोजना बनाकर आगे आते हैं तो शासन हर संभव सहयोग करेगा। उन्होंने क्षेत्र में जैविक खेती की व्यापक संभावनाओं का उल्लेख करते हुए किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि केवल भवन और सड़क निर्माण ही विकास नहीं है, बल्कि गांव की आर्थिक गतिविधियों, कृषि, व्यापार और रोजगार को बढ़ावा देना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने बस्तर, कोंडागांव और नारायणपुर के वनांचल क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां किसान बिना रासायनिक खाद के सफलतापूर्वक जैविक खेती कर रहे हैं और बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं। विद्युत व्यवस्था पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था के लिए गांव और खेतों के फीडर अलग करने का कार्य कराया गया है। साथ ही पुराने बकाया बिजली बिलों का भी शासन की योजनाओं के माध्यम से समाधान किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता संतोष मिश्रा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा पटेल, जनपद उपाध्यक्ष अशोक पटेल, परेटन वर्मा, लाला राम साहू, भूखन साहू, परदेशी पटेल, जलेश्वर वर्मा, सरपंच श्रीमती दुर्गा संतराम साहू, उप सरपंच हरिहर दास मानिकपुरी, राजू साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।



# कोलेगांव में विद्यार्थियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के हाई स्कूल व संकुल कोलेगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य अमले द्वारा 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान बालिकाओं को भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों, विशेष रूप से गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव के उद्देश्य से संचालित किया गया।

टीकाकरण शुरू होने से पहले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन के महत्व, इसके लाभ तथा टीकाकरण के बाद बरती जाने वाली सामान्य सावधानियों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है तथा किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक इस अभियान में भाग लिया और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वैक्सीन लगवाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण एवं अन्य जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों में सहयोग करें, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित और स्वस्थ बनाया जा सके। टीकाकरण अभियान के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने पूरे अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया तथा टीकाकरण के बाद छात्राओं का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण एवं निगरानी भी की।

# अटल आवास में अवैध कब्जाधारियों पर नगर पालिका का सख्त रुख

- अवैध कब्जाधारियों पर शीघ्र होगी बेदखली की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा के वार्ड क्रमांक 17 स्थित नेवारी मार्ग के अटल आवास परिसर में अवैध रूप से कब्जा कर रह रहे लोगों के विरुद्ध नगर पालिका प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की तैयारी पूरी कर ली है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने बताया कि अटल आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 150 आवासों में से अब तक केवल 43 आवास ही पात्र हितग्राहियों को विधिवत आबंटित किए गए हैं।

शेष अनेक आवासों पर अनाधिकृत व्यक्तियों ने कब्जा कर रखा है जिसके कारण वास्तविक पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित हैं। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि अटल आवास जर्जर स्थिति पर है आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए आवास में अनाधिकृत रूप से निवासरत परिवारों को हटाया जाना है। उन्होनें बताया कि शासन की योजनाएं गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए बनाई जाती हैं। यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से सरकारी आवास पर कब्जा करता है तो उससे वास्तविक पात्र हितग्राही का उनका अधिकार नही मिल पाता। नगर पालिका किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतेगी और सभी अवैध कब्जों को हटाने के लिए आवश्यक प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 7 दिवस के भीतर खाली करें मकान

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अटल आवास में अवैध कब्जाधारियों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से सात दिवस के भीतर आवास खाली कर दें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो नगर पालिका बिना किसी सूचना के अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों के नियमानुसार बेदखली की कार्रवाई करेगी तथा इससे उत्पन्न होने वाली समस्त कानूनी जिम्मेदारी संबंधित कब्जाधारियों की होगी।

### अटल आवास परिसर सर्वे का पूर्ण

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने बताया कि नगर पालिका द्वारा अटल आवास परिसर का विस्तृत सर्वे कार्य कराया गया, जिसमें प्रत्येक आवास की स्थिति, आवंटन अभिलेख एवं वर्तमान में निवासरत व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। सर्वे के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे मकान चिन्हित किए गए जिन पर बिना किसी वैध आवंटन के लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। उन्होंने कहा कि सर्वे के उपरांत संबंधित लोगों को मकान खाली करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया, लेकिन इसके बावजूद कई कब्जाधारियों ने अब तक आवास खाली नहीं किया है। ऐसे में नगर पालिका प्रशासन अब नियमानुसार बेदखली की कार्रवाई करने जा रहा है।

# ग्राम अमलीडीह को मिली सड़क विकास कार्यों की बड़ी सौगात

## अमलीडीह से कामनबोड़ तक बनेगी 1.40 किमी लंबी सड़क



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम अमलीडीह से कामनबोड़ तक 2 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 1.40 किलोमीटर सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क का निर्माण क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रही है, जिसके पूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने शीतला माता मंदिर में भवन निर्माण के लिए 6.50 लाख रुपए की घोषणा कर ग्रामीणों को एक और सौगात दी।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क, पुल-पुलिया सहित सभी स्वीकृत कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, जिससे क्षेत्रवासियों को लंबे समय तक इसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं आम जनता की सुविधा के लिए बनाई जा रही हैं, निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सड़क, आवास, बिजली, सिंचाई और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के कार्य को प्राथमिकता से आगे बढ़ा रही है। सरकार बनने के बाद प्रदेशभर में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों को स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है, जिससे हजारों गरीब परिवारों का पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अमलीडीह सहित कुरुवा पंचायत के अन्य आश्रित गांवों में पिछले दो वर्षों के दौरान 255 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी गई है। इससे जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध हो सकेगा।

### विभिन्न विकास कार्यों की दी स्वीकृति

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अमलीडीह में सड़क और बिजली के अलावा सीसी रोड, चेक डैम सहित अनेक विकास कार्यों को भी स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों के पूरा होने से गांव में आधारभूत अधोसंरचना मजबूत होगी, कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और प्रत्येक गांव बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित होकर आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बने।

## भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की बहुड़ा यात्रा आज



**कवर्धा।** भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की पावन बहुड़ा यात्रा (वापसी रथ यात्रा) का आयोजन 25 जुलाई शनिवार (एकादशी) को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति एवं मंदिर समिति, कवर्धा द्वारा नगर के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं, माता-बहनों एवं श्रद्धालुओं को यात्रा में शामिल होने का सादर आमंत्रण दिया गया है। बहुड़ा यात्रा का शुभारंभ दोपहर 3 बजे आशीष दुबे के निवास (जगन्नाथ धाम), यूनियन चौक, कवर्धा से होगा। यहां से भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां महाप्रभु का विधिवत प्रवेश एवं विशेष पूजा-अर्चना संपन्न होगी।

**न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ...... ब 121 / वर्ष 2025-26

**आवेदक** - महेश राम मरकाम पिता उदेशी राम मरकाम जाति गोड, निवासी ग्राम डोगरियाकला तहसील पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम **डोगरियाकला** प.ह.नं. 43 को सूचित किया जाता है कि **आवेदक महेश राम मरकाम पिता उदेशी राम मरकाम** जाति गोड साकिन डोगरियाकला तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा आवेदक के दादी लच्छन बाई पिता भगेला की मृत्यु दिनांक 09.08.1988 को ग्राम डोगरियकला में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावें।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 29.07.2026 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक 10.07.2026
पेशी दिनांक 29.07.2026

मुहर

**तहसीलदार पण्डरिया**

**न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ...... ब 121 / वर्ष 2025-26

**आवेदक** - महेश राम मरकाम पिता उदेशी राम मरकाम जाति गोड, निवासी ग्राम डोगरियाकला तहसील पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम **डोगरियाकला** प.ह.नं. 43 को सूचित किया जाता है कि आवेदक **महेश राम मरकाम पिता उदेशी राम मरकाम** जाति गोड साकिन **डोगरियाकला** तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा आवेदक के पिता उदेशी राम मरकाम पिता अमर सिंह की मृत्यु दिनांक 10.10.1988 को ग्राम डोगरियकला में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावें ।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 29.07.2026 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईशतहार जारी किया गया।

जारी दिनांक 10.07.2026
पेशी दिनांक 29.07.2026

मुहर

**तहसीलदार पण्डरिया**

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग.**

**// शपथ पत्र //**

मैं संजय कुमार गुप्ता पिता श्री सिद्धराम गुप्ता जाति बनिया निवासी ग्राम दानीघठोली तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग. का निवासी हूं, जो कि निम्न कथन करता हूं कि

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे पुत्र दर्शील कुमार पिता श्री संजय गुप्ता एवं माता श्रीमती सुनीता गुप्ता का जन्म दिनांक 10/09/2014 को विमल सर्जिकल हास्पिटल कवर्धा में हुआ है जिसका जन्म प्रमाण पत्र नगरपालिका परिषद कवर्धा से जारी हुआ है। जो कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम अंग्रेजी अक्षर में (DARSHEL KUMAR) दर्ज हो गया है। जबकि सही नाम (DARSHIL KUMAR GUPTA) है जो कि सत्य व सही है।
3. यह कि मेरे पुत्र दशील कुमार एवं माता पिता के नाम से आधार कार्ड जारी हुआ है जिसमें पूरा सही नाम दर्शील कुमार गुप्ता पिता संजय कुमार गुप्ता एवं माता श्रीमती सुनीता गुप्ता दर्ज है जो कि सत्य व सही है।
4. यह शपथपत्र मेरे पुत्र दर्शील कुमार के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र एवं माता पिता के आधार कार्ड के हिसाब से सुधारकर पूरा सही नाम दर्शील कुमार गुप्ता (DARSHIL KUMAR GUPTA) पिता संजय कुमार गुप्ता एवं माता श्रीमती सुनीता गुप्ता दर्ज कर आनलाईन जन्म प्रमाण प्रदान करने हेतु यह शपथपत्र आपके समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता



## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिले सांसद संतोष पाण्डेय



**कवर्धा।** क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए कबीरधाम जिले सहित प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने तथा उन्हें मान्यता प्रदान करने में आने वाले अवरोधों को दूर कर मान्यता प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज कवर्धा में इस सत्र से वैकल्पिक भवन में मेडिकल कॉलेज का संचालन किया जाना है। लेकिन नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा अधोसंरचना संबंधी आवश्यक भवन एवं अन्य कारणों का हवाला देते हुए मान्यता प्रदान नही किए जाने की कार्यवाही की गई थी। इसके बाद सांसद संतोष पांडेय ने 16 जून 2026 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर कवर्धा मेडिकल कॉलेज को मान्यता प्रदान कराने का आग्रह किया था। इसके पश्चात नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा 12 जुलाई 2026 को आदेश जारी कर कवर्धा मेडिकल कॉलेज के लिए सत्र 2026-27 के लिए एमबीबीएस की 50 सीट की स्वीकृति प्रदान की। सांसद संतोष पांडेय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों को मान्यता दिलाने हेतु प्रयासों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी आभार व्यक्त किया।

### 62 छात्राओं को मिला निःशुल्क सरस्वती साइकिल




**रवेली।** शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रवेली में शुक्रवार को राज्य शासन की सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा नवमी की 62 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं पालकों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि कैलाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम ने अपने संबोधन में साइकिल प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कक्षा नवमी में अध्ययनरत छात्राओं को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध करा रही है, जिससे उनके आवागमन में सुविधा होगी और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय विद्यालयों में छात्राओं के लिए पृथक शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही शहीद नरेन्द्र शर्मा विद्यालय में पेयजल सुविधा के लिए वाटर कूलर लगाने तथा एक सांस्कृतिक मंच स्वीकृत कर शीघ्र निर्माण कराने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य एवं सभापति रुपेश चंद्रवंशी, पूर्व जनपद सदस्य रामसिंह ठाकुर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष राजेश साहू, समिति के सक्रिय सदस्य कपिल चंद्रवंशी, विद्यालय के प्राचार्य जोध्या राम बंजारे, व्याख्याता हरिनारायण पाण्डेय, महेन्द्र कुमार श्रीवास, वीरेन्द्र कुमार शर्मा, साइकिल वितरण प्रभारी सुश्री राधिका मांडवी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी जितेन्द्र कुमार राजपूत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

### कवर्धा में युवाओं ने प्रधानमंत्री को खून से लिखा पत्र



**कवर्धा।** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं तथा आंदोलनरत युवाओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में कवर्धा के युवाओं ने अनोखा प्रदर्शन करते हुए महात्मा गांधी के प्रतिमा के सामने नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम अपने खून से पत्र लिखा। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि परीक्षा प्रणाली में जनता का भरोसा कमजोर हुआ है और इसकी नैतिक जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे युवा नेता विकाश केशरी ने कहा कि देशभर के लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों तक कठिन मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे में यदि परीक्षा की गोपनीयता पर सवाल उठते हैं या अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं, तो सबसे बड़ा नुकसान उन मेहनती युवाओं का होता है। उनका कहना था कि युवाओं का भविष्य किसी भी सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए, लेकिन बार-बार ऐसी घटनाओं से छात्रों में निराशा और असंतोष बढ़ रहा है। युवा कांग्रेसी रोहन शर्मा और चिराग यादव ने बताया की प्रधानमंत्री को संबोधित अपने पत्र में मांग की कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए, सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दें। इस कार्यक्रम मे विकाश केशरी, रोहन शर्मा, प्रतीक मिश्रा, तरुण चंद्रवंशी, डोमन पोर्ते, मनु वर्मा, संजय पटेल, गौरांश पाल, चिराग यादव, जित्तू चन्द्रवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समस्याएं: नेऊर-कांदावानी मार्ग की हालत जर्जर व खस्ताहाल

# सड़कों की मरम्मत के नाम पर विभाग बढ़ा रहा लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के ग्रामीण और वनांचल ईलाकों की खस्ताहाल और जर्जर सड़कें समय रहते मरम्मत के आभाव मार्ग अब चलने लायक नहीं रह गई है। बताया जा रहा है कि रही सही कसर बेतरतीब मरम्मत के नाम पर संबंधित विभाग पूरी कर रहा है। कुछ ऐसा ही मामला जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत वनांचल ग्राम नेऊर से कांदावानी मार्ग में देखने को मिल रहा है।

जानकारी के मुताबिक करीब 20 किलो मीटर लम्बा और 10 से 12 ग्रामों सहित छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदेश से जोड़ने वाले नेऊर-कांदावानी मार्ग की हालत बेहद जर्जर और खस्ताहाल है। बताया जाता है प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2008 में इस सड़क का निर्माण कराया गया था लेकिन समय के साथ चौबिसों घंटे आगदरफ्त वाले इस मार्ग का अब दम निकल चुका है।

हालांकि क्षेत्र के ग्रामीणों की माने तो मांग और समस्याओं को देखते हुए समय-समय पर संबंधित विभाग द्वारा इस मार्ग की मरम्मत भी की जाती रही है लेकिन यह मरम्मत थूक पालिस से ज्यादा कुछ नहीं रही है। यहीं वजह है कि बारिश के इस मौसम के कई स्थानो में गड्ढे, कीचड़ देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अभी हाल ही में विभाग ने तथा कथित मरम्मत कार्य करते हुए ग्राम कांदावानी से टेड़ापानी के बीच करीब 300 मीटर की सड़क को खोदकर उसमें मिट्टी डलवा दी है। जिससे खस्ताहाल और जर्जर सड़क की समस्या खत्म होने के बजाए और अधिक बढ़ गई है।

बारिश के बाद सड़क में डाली गई मिट्टी दलदल में तब्दील हो चुकी है। जिसमें बड़े वाहन तो जैसे तैसे निकल जाते हैं लेकिन छोटे वाहनो को इस दलदल नुमा सड़क के हिस्से को पार करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह मार्ग क्षेत्र के करीब 10 से 12 गांवों सहित मध्यप्रदेश को जोड़ता है और इस मार्ग का उपयोग क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ-साथ किसान तथा स्कूली बच्चे भी करते हैं लेकिन मार्ग ऐसी हालत होने के कारण सभी त्रस्त नजर आ रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन तथा संबंधित विभाग से तत्काल व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

#### ग्राम कुई से बदना मार्ग का भी हाल बेहाल



बताया जाता है कि ग्राम नेऊर से कांदावानी की ही तरह ग्राम कुई से बदना तक का करीब 20 किलो मीटर मार्ग भी बेहद जर्जर और खस्ताहाल हो चुका है। जबकि इस मार्ग से क्षेत्र के करीब 8 पंचायतों के कई ग्रामों के ग्रामीणों का वास्ता है और वे प्रतिदिन इस मार्ग से आना जाना करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस मार्ग में भी सुधार के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

### यूथ क्लब का भण्डारा 9 से 16 अगस्त तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पवित्र श्रावण माह में भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं।

ऐसे श्रद्धालुओं की सेवा को समर्पित कवर्धा की सामाजिक संस्था यूथ क्लब विगत कई वर्षों से निरंतर सेवा कार्य करते हुए इस वर्ष अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण करने पर कांवड़ियों के लिए भंडारा एवं विश्राम की व्यवस्था कर रही है। इसी सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी यूथ क्लब द्वारा सावन माह के द्वितीय रविवार 9 अगस्त तथा तृतीय रविवार 16 अगस्त को ग्राम समनापुर भोरमदेव रोड स्थित मिडिल स्कूल परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यहां सुबह 6 बजे से भोरमदेव धाम की ओर जाने वाले सैकड़ों कांवड़ियों को गरमागरम भोजन एवं प्रसादी वितरित की जाएगी।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि भंडारे का उद्देश्य कांवड़ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को भोजन, विश्राम और आत्मीय सेवा उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपनी धार्मिक यात्रा सहज और सुरक्षित ढंग से पूरी कर सकें। चूंकि यूथ क्लब के स्थापना का यह 50 वर्ष है, जो कि स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए क्लब के स्वयं सेवकों में विशेष उत्साह है।

## किसानों को धड़ल्ले से बेची जा रही है घटिया दर्जे की व कालातीत कीटनाशक दवाइयां, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अमुमन खाद, बीज, कीटनाशक दवा की मांग वर्षाकाल के पूर्व से प्रारंभ हो जाती है लेकिन कृषि प्रधान कबीरधाम जिले में इनकी मांग पूरे साल बनी रहती है।

यही वजह है कि जिले में खाद, बीज, कीटनाशक दवा विक्रेताओं की भरमार है और इनमें से कई ऐसे हैं जो अंचल के भोले भाले ग्रामीण किसानों को घटिया दर्जे के बीज, खाद तथा कीटनाशक थमाकर चोखी कमाई कर रहे हैं।

जिससे न सिर्फ किसानो को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है बल्कि उनकी फसलें भी चौपट हो रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के किसान इस गंभीर मुद्दे को लेकर लगातार कार्यवाही की मांग करते आ रहे हैं लेकिन अभी तक शासन, प्रशासन और जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए है। किसानो के सबसे बड़े संगठन ने तो अभी हाल ही में नकली खाद के मुद्दे को लेकर कृषि विभाग कार्यालय का घेराव कर सीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा था।

#### फसलों पर पड़ता है विपरीत प्रभाव



जानकारों के मुताबिक जिले में सबसे ज्यादा नकली और घटिया दर्जे के कीटनाशक दवा की बिक्री होती है। सूत्रों की माने तो इस कारोबार में कई लोग लगे हुए हैं। जिनके पास न तो कीटनाशक दवा की दुकान संचालन की योग्यता है और न ही अनुभव है। माना जाता है कि कीटनाशक दवा फसलों के लिए जितनी आवश्यक व उपयोगी है उतनी ही खतरनाक भी है। इसके उपयोग में जरा सी भी लापरवाही न सिर्फ कीमती फसलों के लिए बेहद घातक हो सकती है बल्कि दवा का छिड़काव करने वाले के लिए भी ये नुकसानदायक हो सकती है। ऐसे में कीटनाशक दवा विक्रेताओं का योग्य व अनुभवी होना आवश्यक है जो किसानों को दवा के सही उपयोग, मात्रा तथा छिड़काव के समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दे सके। लेकिन वर्तमान में जिन लोगों द्वारा कीटनाशक दवा का व्यवसाय किया जा रहा है उनमें अधिकांश अयोग्य तथा गैर अनुभवी हैं।

## पुरस्कारों के लिए आवेदन 5 अगस्त तक आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए राज्य खेल अलंकरण, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों के प्रोत्साहन पुरस्कार, डाइट मनी तथा खेल संघों के लिए प्रेरणा निधि के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र खिलाड़ी, प्रशिक्षक, निर्णायक एवं खेल संघ 5 अगस्त 2026 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप अथवा राष्ट्रीय खेलों में पदक प्राप्त करने वाले अथवा अधिकृत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले सीनियर खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार, नगद प्रोत्साहन, खेलवृत्ति एवं प्रेरणा निधि के आवेदन पत्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला कार्यालयों, संचालनालय तथा राज्य खेल संघों से प्राप्त किए जा सकते हैं।

## नहर के लाइनिंग कार्य के लिए 3.76 करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय के प्रयास से जिले के सहसपुर लोहारा ब्लॉक अंतर्गत दमऊनाला व्यवपर्तन के नहर के लाइनिंग कार्य के लिए 3 करोड़ 76 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इससे क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।



सांसद संतोष पांडेय ने पूर्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर दमऊनाला व्यवपर्तन नहर के लाइनिंग कार्य के लिए जल्द स्वीकृति देने का आग्रह किया था। सांसद के इस प्रस्ताव पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने कार्य को स्वीकृति प्रदान कर दी, जिसके बाद जल संसाधन विभाग ने प्रशासकीय स्वीकृति आदेश भी जारी कर दिया है।

सांसद संतोष पाण्डेय ने बताया कि यह परियोजना इस क्षेत्र के विकास और कृषि के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

नहर के लाइनिंग कार्य के पूरा हो जाने से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा, पानी की बर्बादी रुकेगी और टेलएंड (छोर) तक के खेतों तक आसानी से पानी पहुंच सकेगा। इससे स्थानीय किसानों की फसल की पैदावार बढ़ेगी और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

क्षेत्र को मिली इस बड़ी सौगात के बाद स्थानीय किसानों और क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है।

माना जा रहा है कि दमऊनाला व्यवपर्तन के नहर के लाइनिंग कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र के किसानो को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## नगर पंचायत बोड़ला के तीन मनोनीत एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

- एल्डरमेन ने दिया नगर के चहुंमुखी विकास व जनता की अपेक्षाओं में खरा उतरने का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला के शासन द्वारा नामांकित ऐल्डरमेनों का पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत प्रांगण में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अनुविभागीय अधिकारी सागर सिंह ने शासन द्वारा नामांकित ऐल्डरमेन श्रीमती शारदा गंधर्व, गौतम गुप्ता एवं मानिकदास मानिकपुरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नितेश अग्रवाल ने कहा कि नगर पंचायत के समग्र विकास में ऐल्डरमेन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपनी कथनी और करनी के अनुरूप एक वरिष्ठ, एक युवा एवं मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए नियुक्तियां की हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि तीनों नामांकित सदस्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर नगर के विकास कार्यों को नई गति प्रदान करेंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त ऐल्डरमेनों को शुभकामनाएं देते हुए जनहित में सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनाथ मानिकपुरी, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, उपाध्यक्ष लव निर्मलकर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बरसाती वर्मा, बलदाऊ चन्द्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि नरेश चन्द्रवंशी, डॉ. प्रेमकांत मिश्रा, चंदा महाराज, दिलीप वर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थें।




## भोरमदेव अभ्यारण्य की पहचान ऑरेंज ओकलीफ को दें अपना वोट

# राजकीय तितली के चयन के लिए जनमत संग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की समृद्ध जैव विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाली राजकीय तितली के चयन के लिए जनमत संग्रह आयोजित किया जा रहा है। इस जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत प्रदेशवासियों से तीन चयनित तितलियों में से अपनी पसंदीदा तितली को वोट देने की अपील की गई है।

कबीरधाम जिले का गौरव भोरमदेव अभ्यारण्य अपनी समृद्ध वन संपदा एवं जैव विविधता के लिए प्रदेशभर में प्रसिद्ध है। यहां प्राकृतिक रूप से पाई जाने वाली आकर्षक तितली ऑरेंज ओकलीफ जिले की प्राकृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

ऐसे में जिलेवासियों से अपील की जा रही है कि वे अधिक से अधिक संख्या में ऑरेंज ओकलीफ के पक्ष में मतदान कर इसे छत्तीसगढ़ की राजकीय तितली बनाने में अपना योगदान दें। वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि ऑरेंज ओकलीफ केवल एक सुंदर तितली ही नहीं, बल्कि भोरमदेव अभ्यारण्य की समृद्ध जैव विविधता और प्राकृतिक विरासत का प्रतीक भी है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में जनमत संग्रह में भाग लेकर ऑरेंज ओकलीफ के पक्ष में मतदान करें तथा इस अभियान को अपने परिवार, मित्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से साझा करें, ताकि भोरमदेव अभ्यारण्य की यह विशिष्ट तितली छत्तीसगढ़ की राजकीय तितली बनने का गौरव प्राप्त कर सके।



#### जनमत संग्रह में शामिल तीन तितलियां

वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि जनमत संग्रह में शामिल तीन तितलियां हैं। जिसमे ऑरेंज ओकलीफ, कॉमन बैंडेड पीकॉक, स्पॉट स्वॉर्डटेल शामिल है। वोट करने के लिए लिंक जारी किया गया है।

## डीईओ ने जारी किया पत्र, जुलाई में किसी शिक्षक का नहीं रूकेगा इंक्रीमेंट

- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से मुलाकात कर शिक्षकों के विभिन्न स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया।

इस दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कुछ डीडीओ सेवापुस्तिका सत्यापन नहीं होने का बहाना बनाकर शिक्षकों को जुलाई में मिलने वाला इंक्रीमेंट रोकने की तैयारी में हैं, जबकि अब तक सेवापुस्तिकाओ का सत्यापन नहीं कराने के लिए डीडीओ का ही वेतन रोका जाना चाहिए। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए डीईओ ने तत्काल पत्र जारी कर जुलाई माह में किसी भी शिक्षक का इंक्रीमेंट नहीं रोकने का निर्देश दिया है।

साथ ही अगला इंक्रिम देने के पहले सभी शिक्षकों की सेवापुस्तिका का सत्यापन कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। शिक्षकों द्वारा दावा-आपत्ति पत्र देने के बाद भी वरिष्ठता सूची में सुधार नहीं होने, सहायक शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति या समयमान वेतनमान का विकल्प हेतु पत्र जारी करने, सीजीपीएफ पासबुक में डीडीओ का हस्ताक्षर, प्राथमिक प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति देने, स्वामी आत्मानंद स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को बैंक में सेलरी पैकेज का लाभ दिलाने, संयुक्त संचालक में लंबित अनापत्ति व अनुमति पत्र का निराकरण कराने के मुद्दों को रखा गया, जिसपर डीईओ ने सभी बिंदुओं पर शीघ्र ही उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है।

इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, गोकुल जायसवाल, राजकिरण चन्द्रवंशी, लक्ष्मण मिरी, विनोद राजपूत, भूपेंद्र साहू, देवदास धृतलहरे, महेंद्र गुप्ता, नरेंद्र चंद्रोल, संजय कोसले, नकुल वर्मा, पन्ना लोधी, अरविंद कुंजाम, रामसिंह साहू, विजय लांझियाना आदि उपस्थित रहे।